हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

नया दशन पैक

KP GROUP Quality Since 1965

30% EXTRA

CELEBRATING 60 YEARS

राजश्री ®

पान मसाला

NO TOBACCO, NO NICOTINE

No Tobacco, No Nicotine

Not recommended for minors

Chewing of pan masala is injurious to health

CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

इस नवरात्र, खुशियों की शुभ शुरुआत
नए घर के साथ
बुकिंग पर पाएं विशेष उपहार*

*T&C APPLY

CLASSIC CASTLE
PCGRERA220620001124 | P3CGRERA031120000020
https://rera.cgstate.gov.in
75+ Families Living Happily
Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION
901 902 1000
KACHNA, RAIPUR

25+ Families Living Happily
CLASSIC TOWERS
PCGRERA270223001615
https://rera.cgstate.gov.in
READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats
951 610 1000
AMLIDIH, RAIPUR

300+ Families Living Happily
SUMEET LANDSCAPE
PROJECT ASSOCIATE
CLASSIC VENTURES
CGRERA060320A000465
https://rera.cgstate.gov.in
Fully Developed Plots
800 - 2400 SQ.FT.
722 500 1000
VIDHAN SABHA ROAD
SCAN FOR RERA INFO
SCAN TO KNOW MORE



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

6 राज्यों में बदल गए राज्यपाल

नई दिल्ली। राष्ट्रपति ने सोमवार को 6 राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त किए हैं। इनमें एक महिला हैं। ओम प्रकाश माथुर को केरल का राज्यपाल बनाया गया है। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर होंगे। डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक की राज्यपाल बनाया गया है। बृजमोहन राम ओडिशा, डॉ. ढाल सिंह बिसेन उत्तराखंड और दुष्यंत गौतम सिक्किम के गर्वनर होंगे।

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026



ज्ञानेश की घेराबंदी, राहुल समेत 11 नेताओं ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

'वोट चोरी' पर सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक संग्राम, पुलिस ने रोका विपक्ष का 'मार्च'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग में कथित अनियमितता को लेकर इंडिया गठबंधन लामबंद दिखा। विपक्षी दलों के सांसदों और नेताओं ने सोमवार को सैकड़ों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ सुप्रीम कोर्ट तक अपना 'लोकतंत्र मार्च' शुरू किया, जिसका उद्देश्य 'वोट चोरी' के आरोपों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिका दायर करना था। यह पहली बार है, जब विपक्षी नेताओं ने किसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई प्रमुख विपक्षी नेताओं की ओर से उच्चतम न्यायालय में याचिका भी दायर की गई है, जिसमें एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर हस्तक्षेप की मांग की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ⏭शेष पेज 6 पर

'वोट चोरी' रोकने, एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगाने और सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सियासी घमासान छिड़ गया। चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट की ओर कूच किया, लेकिन पुलिस ने भगवान दास रोड पर उनका रास्ता रोक दिया। इस बीच, राहुल गांधी समेत 11 नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कानूनी लड़ाई भी तेज कर दी।

खास बातें

- विरोध प्रदर्शन को दिया नया नाम- 'चलो दिल्ली-लोकतंत्र के लिए मार्च'
- दिल्ली के बाराखंभा रोड पर देशभर से आए कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे
- सांसदों ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के बाहर सीईसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की



राहुल बोले-किले में तब्दील दिल्ली: राहुल ने केंद्र सरकार पर लोगों को दिल्ली पहुंचने से रोकने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी को 'पूरी तरह से किले में तब्दील' कर दिया गया है और बड़ी संख्या में पुलिस तथा सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। विपक्ष की मांग है कि 'वोट चोरी' पर रोक लगाई जाए, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया रोकी जाए। इससे पहले, खरगे और गांधी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत से मुलाकात का समय मांगा था, ताकि 'वोट चोरी' का मुद्दा उठाया जा सके।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की याचिका

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने एसआईआर के दौरान बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने और विभिन्न गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले, शिवसेना (उद्धव) के नेता संजय राउत, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता डी. राजा, झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ माझी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव एम. ए. बेबी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेता ई. टी. मोहम्मद बशीर ने भी यह याचिका दायर की है।



भाजपा बोली-राहुल नौटंकी कर रहे

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से सुप्रीम कोर्ट तक निकाले जाने वाले मार्च को 'नौटंकी' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी चुनावी हार का दोष निर्वाचन आयोग पर मढ़ती रही है, जबकि इसके लिए असल में उसका खुद का 'विचार-शून्य' नेतृत्व जिम्मेदार है। शिवराज ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ कांग्रेस के आंदोलन को 'शिव की बारात' बताने के लिए राहुल की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह असल में 'गुंडों का समूह' है, जो सड़कों पर अराजकता फैला रहा है। शिवराज ने कहा, कांग्रेस पिछले कई वर्षों से संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है और अपनी हार के लिए उन्हें दोषी ठहरा रही है, जबकि इसके लिए खुद उसका नेतृत्व जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस की हार की वजह निर्वाचन आयोग नहीं है। कांग्रेस की हार की वजह उसका 'विचार-शून्य' नेतृत्व है, जो न तो देश को जानता है, न ही यहां के लोगों, जीवन-मूल्यों और परंपराओं को। शिवराज ने कहा कि हर कोई जानता है कि न्यायपालिका के प्रति कांग्रेस नेता का क्या रुख रहा है और पहले एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश के बारे में उनके क्या विचार थे।



हाईकोर्ट का फैसला

सड़क दुर्घटना में एक करोड़ के मुआवजे को सही माना

बिलासपुर। सड़क हादसे में मौत के मामले में मुआवजा आदेश को चुनौती देने में 389 दिन की देरी पर हाईकोर्ट ने पंजाब रोडवेज की बस के मालिक पर 38 हजार रुपए का खर्च लगाया है। कोर्ट ने देरी माफ करते हुए अपील स्वीकार कर ली, लेकिन अंतरिम राहत के लिए 30 दिन के भीतर कुल मुआवजे की 50 प्रतिशत राशि जमा करने की शर्त रखी है। दरअसल, मामला 14 अक्टूबर 2019 को हुए सड़क हादसे का है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 22 फरवरी 2025 को मृतक के परिजनों को 1 करोड़ 9 हजार 160 रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया था। इस पर छह प्रतिशत सालाना ब्याज भी निर्धारित किया गया था। मुआवजा आदेश के खिलाफ बस मालिक की ओर से 22 जून 2026 को हाईकोर्ट में अपील दायर की गई।

सरकार ने सुन ली मासूम की पुकार 48 घंटे में इलाज के लिए राशि मंजूर

हरिभूमि और आईएनएच की पहल से मुख्यमंत्री ने स्वीकृत की थी राशि

एम्स रायपुर में होगा उपचार, जापान मलेशिया से आएगा इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के 10 वर्षीय बालक रिमोन टंडन का उपचार अब एम्स रायपुर में हो सकेगा। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 12 लाख 16 हजार से अधिक राशि स्वीकृत की थी। राशि स्वीकृत करने के 48 घंटों के भीतर एम्स रायपुर में पहुंच गई है। एम्स में राशि ⏭शेष पेज 6 पर



अस्पताल प्रबंधन ने शुरू की तैयारी

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 12 लाख 16 हजार 569 रुपए की राशि स्वीकृत होते ही एम्स प्रबंधन ने भी तैयारी शुरु कर दी है। एम्स के संबंधित विभाग ने रिमोन के पिता को राशि स्वीकृत होने की पुष्टि करते हुए बताया है कि जल्द ही उन्हें रायपुर बुलाया जाएगा। रिमोन को लगने वाले इंजेक्शन की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित हो, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। चीन में भी इंजेक्शन की उपलब्धता को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। जहां से इंजेक्शन जल्द उपलब्ध होगा, वहां से मंगाया जाएगा।

जसगीत ने बनाया सोशल मीडिया में हिट

रिमोन टंडन यूं तो 10 वर्ष का है, लेकिन उसका शारीरिक विकास 2-3 वर्ष के बच्चे जितना ही हुआ है, लेकिन प्रतिभा रिमोन में कूट कूटकर भरी हुई है। रिमोन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी गीत गाकर सुनाया था। अब उसके इंस्टाग्राम फॉलोवर्स बढ़े हैं। उसके जसगीत के वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। रिमोन ने हरिभूमि की कटिंग और आईएनएच का वीडियो भी पोस्ट किया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

रेलवे सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर रेल मंत्री वैष्णव ने भेजा संदेश

अग्निवीरों के लिए आरपीएफ में भी भर्ती का रास्ता खुल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे सुरक्षा बल ने सोमवार को डब्ल्यू आरएस कॉलोनी के इंस्टीट्यूट ग्राउंड में 42वां स्थापना दिवस परेड व प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी के साथ मनाया। इस अवसर पर यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की रक्षा और भारतीय रेल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति बल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया गया। समरोह में रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक सोनाली मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महानिरीक्षक मुनव्वर खुर्शीद ने भाग लिया। कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने कहा कि रेल मंत्री द्वारा आरपीएफ में सब-इंस्पेक्टरों एवं कांस्टेबलों की भर्ती कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से करने के लिए सहमति प्रदान की गई थी। आगामी वर्ष से एसएससी के माध्यम से कांस्टेबलों ⏭शेष पेज 6 पर



22,000 बॉडी-वॉर्न कैमरे खरीदे जा रहे हैं

रेलवे सुरक्षा बल अपनी सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए लगभग 125 करोड़ रुपये की लागत से तकनीकी उपकरणों की खरीद कर रहा है। इसमें 16 करोड़ रुपये के नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम और सीआरपीई हार्डवेयर, 47 करोड़ रुपये के वॉकी-टॉकी सेट एवं ⏭ शेष पेज 6 पर

अर्द्धकुशल दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के वेतन की राशि में गड़बड़ी का मामला

हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलसचिव कुलदीप सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग ने दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुमार कुलदीप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासन ने यह कार्रवाई विश्वविद्यालय निधि से वेतन प्राप्त करने वाली एक कर्मचारी के खाते से 1,49,384 दूसरे खाते में ट्रांसफर कराए जाने के मामले में दर्ज एफआईआर और प्रस्तावित विभागीय जांच के मद्देनजर की है। निलंबन आदेश 12 अक्टूबर 2026 को जारी किया गया। शासन के आदेश के अनुसार, इस मामले में दुर्ग के मोहन नगर थाने में 3 अगस्त 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(4) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत विश्वविद्यालय की अर्द्धकुशल दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शुभांगी मराठे ने की थी। एफआईआर में आरोप है कि वेतन मिलने के बाद उसमें से कुल 1,49,384 दूसरे खाते में ट्रांसफर कराए गए। ⏭शेष पेज 6 पर



कुलपति के अधिकारों के इस्तेमाल पर भी सवाल

निलंबन आदेश में कुलसचिव पर कुलपति के अधिकारों के इस्तेमाल को लेकर भी अनियमितता का उल्लेख है। आदेश के मुताबिक, आयुक्त, दुर्ग संभाग ने 18 जून 2025 को कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को भेजे अर्द्धशासकीय पत्र में कहा था कि विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत कुलपति को प्राप्त अधिकारों का प्रत्यायोजन कुलसचिव को लिखित या ⏭ शेष पेज 6 पर

चिंतन

अब पेश करने ही होंगे सबूत



मुद्दा
ओमकार चौधरी

लोकतंत्र में सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है और उनका जवाब देना सरकार व संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी। लेकिन जब सवाल चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हो, तो आरोपों के साथ प्रमाण भी जरूरी होते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों को लेकर इंडिया ब्लॉक के 11 नेताओं का सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करना इसी कसौटी पर परखा जाएगा। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी याचिका में पक्षकार बनाया है। अब विपक्ष को बताना होगा कि गड़बड़ी कहां हुई, कितने मतदाता प्रभावित हुए और उसके समर्थन में क्या सबूत हैं। सियासी शक्ति प्रदर्शन से मुद्दा चर्चा में आ सकता है, लेकिन आरोप प्रमाणों से ही सिद्ध होते हैं। याचिका दाखिल करने से पहले विपक्षी नेताओं ने प्रधान न्यायाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का समय मांगा था। इसके बाद बाराखंबा से सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च निकाला गया। राहुल गांधी ने इस मार्च की तुलना 'शिवजी की बारात' से की। विभिन्न दलों की भागीदारी और नेताओं की मौजूदगी ने इसे राजनीतिक घटनाक्रम जरूर बनाया, लेकिन मार्च का आकार आरोपों की सत्यता का प्रमाण नहीं है। विपक्ष को अब राजनीतिक नारों से आगे बढ़कर तथ्य सामने रखने होंगे। चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करना अलग बात है और चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता साबित करना अलग। दोनों को एक मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, विपक्ष से प्रमाण मांगने का अर्थ उसकी शिकायतों को खारिज करना भी नहीं है। मतदाता सूची से किसी पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से हटना गंभीर मामला है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह प्रक्रिया में पारदर्शिता रखे, शिकायतों का निपटारा करे और त्रुटियां मिलने पर पूरी जवाबदेही के साथ सुधार सुनिश्चित करे। किसी संस्था को सवालों से परे नहीं रखा जा सकता, लेकिन बिना प्रमाण लगाए गए आरोपों को भी अंतिम सच नहीं माना जा सकता। न्यायिक जांच का उद्देश्य ही आरोपों और तथ्यों के बीच अंतर स्पष्ट करना है। कुल मिलाकर अब विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सबूत पेश करने ही होंगे। इसी बीच जंतर-मंतर को निर्धारित प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटाने का फैसला भी चर्चा में है। गृह मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर रामलीला मैदान, बुराड़ी और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को प्रदर्शन का वैकल्पिक स्थल बनाया गया है। अण्णा आंदोलन से लेकर पहलवानों के प्रदर्शन तक, जंतर-मंतर लंबे समय से विरोध की आवाज का प्रमुख केंद्र रहा है। संसद के निकट होने के कारण इसका प्रतीकात्मक महत्व भी है। सुरक्षा, यातायात और सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताएं अपनी जगह हैं, लेकिन इनके समाधान के नाम पर शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। वैकल्पिक स्थलों पर पर्याप्त सुविधाएं और स्पष्ट नियम सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही और विपक्ष की जिम्मेदारी, दोनों अनिवार्य हैं। निर्वाचन आयोग को पारदर्शिता से काम करना होगा और विपक्ष को आरोपों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। यदि गड़बड़ी हुई है तो उसका खुलासा और सुधार हो; यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते तो राजनीतिक दावों की समीक्षा भी हो। लोकतंत्र की विश्वसनीयता शोर से नहीं, तथ्यों, पारदर्शिता और जवाबदेही से मजबूत होती है।

पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ा

रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पश्चिम एशिया को बड़े क्षेत्रीय संघर्ष के मुहाने पर ला खड़ा किया है। दो दिन में हुए हमलों में 13 लोगों की मौत और सैकड़ों के घायल होने से नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं। मृतकों में एक भारतीय भी शामिल है। हवाई सेवाएं बाधित हैं और सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका की संभावित सैन्य भागीदारी से टकराव के और व्यापक होने का खतरा है। इसका असर खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा से लेकर वैश्विक तेल आपूर्ति और व्यापार तक पड़ सकता है। ऐसे में सैन्य जवाबी कार्रवाई के बजाय संघर्ष को फैलने से रोकना और यमन संकट का राजनीतिक समाधान तलाशना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्राथमिकता होनी चाहिए।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यमन के हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पश्चिम एशिया में सुरक्षा संकट गहरा दिया है। शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को हुए हमले में 13 लोगों की मृत्यु हुई और 309 लोग घायल हुए। मृतकों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। रविवार, 11 अक्टूबर को लगातार दूसरे दिन हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया। इन घटनाओं से अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रभावित हुई हैं और सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे हैं। अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई ने संघर्ष के व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की आशंका बढ़ा दी है। रियाद का किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सऊदी अरब के प्रमुख विमानन केंद्रों में शामिल है। शनिवार को हुए हमले से तीसरे और चौथे यात्री भवन के आसपास भारी नुकसान हुआ। विस्फोटों के बाद परिसर में अफरातफरी मच गई। यात्रियों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बचाव दलों ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया। सऊदी अधिकारियों के अनुसार, हमले में प्रारंभिक रूप से 12 लोगों की मृत्यु हुई थी। मृतकों में चार सऊदी नागरिक, दो बांग्लादेशी तथा अमेरिका, मिस्र, जॉर्डन, फलस्तीन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल थे। बाद में अस्पताल में एक भारतीय नागरिक की मृत्यु होने से मृतकों की संख्या 13 हो गई। इस हमले का शिकार विभिन्न देशों के निर्दोष नागरिक बने।

शनिवार की तबाही से हवाई अड्डा उबर भी नहीं पाया था कि रविवार को दोबारा हमला हो गया। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के अनुसार, एक प्रक्षेपास्त्र चौथे यात्री भवन से टकराया, जिससे आग लग गई। अधिकारियों ने एक अन्य प्रक्षेपास्त्र को हवाई अड्डे के समीप रोकने की जानकारी दी। दूसरे हमले में भी लोग घायल हुए, हालांकि उनकी अंतिम संख्या स्पष्ट नहीं थी। लगातार हमलों ने अत्याधुनिक हवाई रक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए।भारत के लिए यह घटना विशेष चिंता का विषय है। शनिवार के हमले में घायल भारतीय नागरिक की रविवार को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उसकी पहचान हैदराबाद निवासी मोहम्मद यूसुफ अली के रूप में सामने आई। परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए। भारतीय दूतावास ने पीड़ित परिवार से संपर्क कर आवश्यक सहायता और पार्थिव शरीर भारत पहुंचाने का आश्वासन दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। भारतीय हताहतों की संख्या को लेकर प्रारंभिक सूचनाओं में अंतर था। उपलब्ध विवरणों के अनुसार, एक भारतीय की मृत्यु हुई और दस अन्य घायल हुए। रविवार के दूसरे हमले में अलग से 12 भारतीयों के घायल होने के दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।भारत के विदेश मंत्रालय ने नागरिकों और नागरिक सुविधाओं पर हमलों की कड़ी निंदा की। मंत्रालय ने ऐसे हमले तत्काल रोकने की मांग करते हुए सऊदी अरब की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति समर्थन दोहराया। रियाद स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों तथा अस्पतालों के संपर्क में है।भारत की चिंता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सऊदी अरब सहित खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं। ये कर्मचारी भारत



में अपने परिवारों को धन भेजते हैं। संघर्ष बढ़ने से उनकी सुरक्षा, रोजगार और आवागमन प्रभावित हो सकता है। भारत के सामने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और क्षेत्रीय संबंधों में संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। हूती विद्रोहियों ने हमलों की जिम्मेदारी स्वीकार की है। यमन में सक्रिय इस संगठन का सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के साथ लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है।

उनका आरोप है कि यमन में सऊदी सैन्य हस्तक्षेप से व्यापक जनहानि हुई है। संगठन ने रियाद पर हमलों को उसी कार्रवाई का जवाब बताया और भविष्य में भी सऊदी ठिकानों पर हमले जारी रखने की धमकी दी।लेकिन किसी संघर्ष में नागरिक हवाई अड्डों और यात्रियों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के गंभीर प्रश्न खड़े करता है। सैन्य संघर्ष में भी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने हमलों को युद्ध अपराध बताते हुए कठोर जवाब देने की चेतावनी दी। इसके बाद यमन में सैन्य कार्रवाई तेज होने की खबरें आईं। दोनों पक्षों की जवाबी कार्रवाई संघर्ष को अधिक खतरनाक बना सकती है। रियाद हवाई अड्डे पर हमलों का सिलसिला अक्टूबर में अचानक शुरू नहीं हुआ। सितंबर में ईंधन भंडारण क्षेत्र के समीप हमले और आग लगने की खबर आई थी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में रियाद तथा आभा के हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया। आठ अक्टूबर को एक खड़े यात्री विमान को नुकसान पहुंचने तथा सऊदी विमान चालक सहित तीन नागरिकों की मृत्यु की जानकारी सामने आई। इन घटनाओं से संकेत मिलता है कि सऊदी अरब का विमानन ढांचा हूती विद्रोहियों की रणनीति का महत्वपूर्ण लक्ष्य बन गया है। सऊदी अरब के लिए संकट केवल हवाई अड्डों तक सीमित नहीं है। उसकी अर्थव्यवस्था में तेल उत्पादन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन और विदेशी निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश तेल पर निर्भरता घटाकर पर्यटन, उद्योग और व्यापार का विस्तार करना चाहता है। लेकिन राजधानी के प्रमुख हवाई अड्डे पर लगातार हमले विदेशी निवेशकों का विश्वास प्रभावित कर सकते हैं। यात्री सुरक्षा पर संदेह बढ़ने से पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नुकसान पहुंच सकता है। सऊदी अरब की सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप किया जाता है तो यमन में संघर्ष और तेज हो सकता है। दूसरी ओर निष्क्रिय रहने से हूती विद्रोहियों को प्रोत्साहन मिलने की आशंका है। अमेरिकी कार्रवाई होने पर ईरान की संभावित प्रतिक्रिया और लाल सागर के समुद्री व्यापार पर उसके प्रभाव को भी ध्यान में रखना होगा।ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों ने भी हमलों पर चिंता जताई है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने प्रश्न यह है कि क्या केवल सैन्य जवाब से हूती विद्रोहियों को रोका जा सकता है अथवा यमन के लंबे संघर्ष का राजनीतिक समाधान तलाशना आवश्यक है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि सैन्य हमलों के बावजूद हूती संगठन की आक्रमण क्षमता समाप्त नहीं हुई है।इस संघर्ष का आर्थिक प्रभाव सऊदी अरब से बाहर भी पड़ सकता है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। तेल प्रतिष्ठानों और समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए यह विशेष चिंता का विषय है। भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा, सऊदी अरब के साथ सहयोग और क्षेत्रीय शांति की बहाली होनी चाहिए। रियाद की त्रासदी चेतावनी है कि पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव अनियंत्रित हुआ तो उसके मानवीय, राजनीतिक और आर्थिक परिणाम पूरे विश्व को प्रभावित करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पैरवी
रितीश उपाध्याय



न्याय की राह में आर्थिक मजबूरी न बने बाधा

न्याय केवल अदालतों के दरवाज़े खुले होने से नहीं मिलता। उसके लिए यह भी जरूरी है कि आम नागरिक अपने अधिकारों को समझते हुए न्यायालय की प्रक्रिया में हिस्सा ले सके और उसे एक सक्षम वकील की सहायता मिल पाए, लेकिन जब वकील की फीस चुकाना ही किसी व्यक्ति के लिए नामुमकिन हो जाए, तो न्याय तक उसकी पहुंच एकदम सीमित हो जाती है। इसी प्रकार की असमानता को दूर करने के लिए भारत के संविधान ने निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था प्रदान की है। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था ज़रूरतमंदों को सिर्फ वकील उपलब्ध करा रही है या सच में आमजन को प्रभावी प्रतिनिधित्व और न्याय दिला पा रही है? अनुच्छेद 39ए के अंतर्गत भारत के संविधान ने राज्य को यह निर्देश दिया है कि कानूनी व्यवस्था समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा दे और आर्थिक या किसी और प्रकार की अक्षमताओं के कारण किसी नागरिक को न्याय से वंचित न होने दिया जाए। यह राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों का हिस्सा है। सर्वोच्च न्यायालय ने मुफ्त कानूनी सहायता को निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया के संवैधानिक सिद्धांत से जोड़ा है, साथ ही न्यायालय ने समय-समय पर यह माना है कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अर्थ केवल जीवित रहने का अधिकार नहीं, बल्कि कानून के अनुरूप निष्पक्ष प्रक्रिया और न्याय मिलना भी है। हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य 1979, में सुप्रीम कोर्ट ने लंबे समय से जेलों में बंद कैदियों की स्थिति पर ध्यान दिया और इस फैसले ने यह भी स्पष्ट किया कि गरीब व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सहायता न मिलना निष्पक्ष न्याय के रास्ते में गंभीर बाधा है। कानूनी अधिकार तभी सार्थक हैं, जब व्यक्ति उन्हें इस्तेमाल करने की स्थिति में भी हो। लीगल सर्विसेज़ ऑथोरिटी एक्ट, 1987 ने इस संवैधानिक उद्देश्य को लागू करने के लिए राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तालुका स्तर पर संस्थागत व्यवस्था बनाई है। इस अधिनियम की धारा 12 के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्य, मानव तस्करी या बेगार के पीड़ित, महिलाएं, बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, दिव्यांग व्यक्ति, निर्दिष्ट आपदाओं और हिंसा के पीड़ित, औद्योगिक श्रमिक तथा हिरासत में रखे गए व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता के पात्र हैं। इन सब के अलावा सामान्य वर्ग के लोग जो निर्धारित आय-सीमा के भीतर आते हैं वो भी सहायता मांग सकते हैं। एनएएलएसए की हेल्पलाइन 15100 और उसकी आधिकारिक वेबसाइट भी जानकारी पाने के माध्यम हैं। सिर्फ वकील मिलना ही काफी नहीं है, कानूनी सहायता की असल परीक्षा अदालत में होती है। उम्मेद देवी बनाम राजस्थान राज्य 2026 के मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी अंतर को स्पष्टता से रेखांकित किया है। दहेज संबंधी मांग और कथित उत्पीड़न से जुड़े मामले में अपनी बेटी की मृत्यु के संबंध में आरोपित व्यक्तियों की बरी किए जाने के खिलाफ उम्मेद देवी ने अपील की थी। अपील को दाखिल करने में 19 दिन की देरी हुई और उसे माफ कराने के लिए जरूरी आवेदन नहीं लगाया गया था। हाई कोर्ट में उनकी ओर से कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ और मामला बंद कर दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि अदालतों को ऐसे कठिनाइयों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। जहां वकील की अनुपस्थिति या अपर्याप्त सहायता से किसी व्यक्ति का कानूनी अधिकार प्रभावित हो सकता है, वहां अदालत को प्रभावी कानूनी सहायता सुनिश्चित करने पर विचार करना चाहिए। नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (फ्री एंड कॉम्पिटेंट लीगल सर्विसेज़) रेगुलेशनस, 2010 में पैनल के वकीलों के चयन और उनके काम की निगरानी के प्रावधान हैं। जरूरत इस बात की है कि इन प्रावधानों को काग़ज़ से निकालकर व्यवहार में लागू किया जाए। नियमित समीक्षा, उचित प्रशिक्षण, मुवक्किलों से संवाद और खराब प्रदर्शन पर जवाबदेही तय करना भी अति आवश्यक है। मुफ्त कानूनी सहायता के समक्ष जागरूकता की कमी, अनुभवी वकीलों तक लोगों की पहुंच नहीं होना, सीमित संसाधन और कमजोर निगरानी जैसी चुनौतियां खड़ी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों, वंचित समुदायों और समाज के उस वर्ग तक जिसको इसकी सब से ज़ादा ज़रूरत है, वहां लोगों में इसकी जानकारी नहीं है। न्याय तक पहुंच का अर्थ केवल अदालत में प्रवेश नहीं, बल्कि वहां अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का अवसर भी है। जब तक यह अवसर समाज में उपस्थित हर ज़रूरतमंद व्यक्ति को वास्तविक रूप से नहीं मिलता, समान न्याय का वादा अधूरा रहेगा।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

घमंड न करें व दूसरों को कमजोर न समझें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

अंतर्मन



आज की पाती

सपनों को संकल्प में बदलने की सीख

विद्यार्थी किसी भी देश का भविष्य ही नहीं, उसकी संभावनाओं और प्रगति के सबसे मजबूत आधार भी होते हैं। उनके विचारों में नवीनता, आंखों में सपने और कुछ नया कर गुजरने का उत्साह समाज को आगे बढ़ाने की शक्ति देता है। इसी भावना के साथ भारत में प्रति वर्ष 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओं के प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के कारण विशेष महत्व रखता है। हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को आधिकारिक रूप से विश्व छात्र दिवस घोषित नहीं किया है। इसके बावजूद भारत में यह अवसर विद्यार्थियों को कलाम के विचारों से जोड़ने और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने का माध्यम बन गया है। *- दिलीप श्रीवास्तव, धमतरी*

करंट अफेयर

उ. कोरिया ने कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र की ओर दागीं

उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। हाल के दिनों में हथियारों के प्रदर्शन की बढ़ती घटनाओं के बीच इस प्रक्षेपण से तनाव और बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक बातचीत लंबे समय से ठप है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि ये मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के आसपास के क्षेत्र से दागी गईं। उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने हवाई अड्डे का इस्तेमाल मिसाइलों के प्रक्षेपण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में किया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने तत्काल यह स्पष्ट नहीं किया कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या उन्होंने कितनी दूरी तय की। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने कम से कम दो मिसाइलों का पता लगाया और आकलन किया कि ये मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरीं। यह प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया द्वारा शुक्रवार को अपने देश में विकसित पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का उड़ान परीक्षण किए जाने के कुछ दिनों बाद हुआ। इस हथियार को ध्वनि की गति से कम से कम पांच गुना तेज उड़ान भरने और मिसाइल रक्षा प्रणालियों को चकमा देने के लिए तैयार किया गया है।



ऑफ बीट

केवल एक परमाणु पक्षी का रंग बदल सकता है

पूरे जंतु जगत में पक्षी सबसे रंगीन जीवों में से एक हैं। लेकिन इतने सारे रंगों वाले पक्षी अलग अलग कैसे होते हैं? चमकीले लाल, नारंगी और पीले पंख या चोंच वाले लगभग सभी पक्षी अपने रंग उत्पन्न करने के लिए कैरोटीनॉयड नामक पिगमेंट के समूह का उपयोग करते हैं। लेकिन, ये पक्षी सीधे तौर पर कैरोटीनॉयड नहीं बना सकते। उन्हें अपने आहार में पौधों से ये तत्व प्राप्त करने होते हैं। तोते इस नियम के अपवाद हैं, जिन्होंने रंगीन रंगद्रव्य बनाने का एक बिल्कुल नया तरीका विकसित किया है, जिसे 'सिटाकोफल्विन'' कहते हैं। वैज्ञानिकों को इन विभिन्न रंगों के बारे में कुछ समय से जानकारी है, लेकिन पक्षियों द्वारा रंग में भिन्नता लाने के लिए इनका उपयोग करने के पीछे के जैव-रासायनिक और आनुवंशिकी आधार को लेकर उनकी समझ अभी सीमित है। हालांकि, तोते और 'फिंच' (रंग बिरंगी छोटी चिड़ियों की प्रजाति) के बारे में हाल ही में किए गए दो अलग-अलग अध्ययनों ने इस रहस्य पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। एक अध्ययन 'करेंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है जिसका नेतृत्व हममें से एक (डैनियल हूपर) ने किया था। दूसरे अध्ययन का नेतृत्व पुर्तगाली जीवविज्ञानी रॉबर्टो अबोरे ने किया और उसे 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया।



नोबेल पुरस्कार
डॉ. रविन्द्र ब्रह्मे



अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने किया बुनियादी मॉडल विकसित

अमेरिकी अर्थशास्त्री रॉबर्ट हॉल और माइकल वुडफोर्ड को 2026 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला। उन्हें यह पुरस्कार अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने के लिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों और वित्त मंत्रालयों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बुनियादी मॉडल विकसित करने के दशकों के काम के लिए दिया गया। इनकी मदद से हम अर्थव्यवस्था में आने वाले झटकों, जैसे कि ऊर्जा संकट या परिवारों की खपत में अचानक बदलाव, से बेहतर ढंग से निपट सकते हैं। इस साल अर्थशास्त्र के क्षेत्र में सम्मानित रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड ने नए वृहद आर्थिक मॉडल विकसित किए हैं, जिनसे प्रभावशाली तरीके से अर्थव्यवस्था में तेजी और मंदी की स्थिति को नियंत्रित करने संबंधी नीतियों को लागू करने की हमारी क्षमता में काफी सुधार हुआ है। इन मॉडलों के आधार पर, सही समय पर राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों के उपाय अपनाकर अर्थव्यवस्था में आने वाले उतार-चढ़ाव को कम किया जा सकता है। दोनों अर्थशास्त्रियों ने यह बताया कि कैसे वृहद आर्थिक मॉडल को सूक्ष्म आर्थिक आधारों पर फिर से बनाया जा सकता है-यह दिखाते हुए कि कैसे अलग-अलग परिवार और बिज़नेस बचत और कीमत तय करने के बारे में भविष्य को ध्यान में रखकर फैसले लेते हैं, जिससे सेंट्रल बैंक और सरकारें लोगों की उम्मीदों को बेहतर ढंग से आकार दे सकती हैं और आर्थिक उतार-चढ़ाव को संतुलित कर सकती हैं। विजेताओं के कार्यों से नीति निर्माताओं को तेजी और मंदी से निपटने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होने में मदद मिलती है। नए ढांचे ने वैश्विक वित्तीय संकट के बाद नीति निर्माण में सहायता की है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के 70 वर्षीय वुडफोर्ड ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'अधिकारियों को अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने के काम को सिर्फ़ ऐसे काम के तौर पर नहीं देखना चाहिए जिसमें लोग अर्थव्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए लीवर खींचते हैं, और इसका अर्थव्यवस्था में मौजूद लोगों की समझ से कोई लेना-देना नहीं होता।'

-प्रोफेसर अर्थशास्त्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026 | आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया | वर्ष : 26, अंक : 203 | पृष्ठ : 12+6+8 = 26 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बैंडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

शिकायत नहीं, संकल्प चाहिए, अगर प्रतिभा को मौका मिले, तो खुल जाती है सफलता की राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच पुलेला गोपीचंद के नाम से रायपुर में भी बैडमिंटन अकादमी खोली गई है। इस संबंध में कोच गोपीचंद का साफ कहना है, यह अकादमी सिर्फ मेरे नाम से नहीं रहेगी, मैं भी यहां लगातार आऊंगा और यहां की प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जाएगा। वे कहते हैं, शिकायत नहीं संकल्प चाहिए। अगर प्रतिभा को मौका मिले तो सफलता की राह खुल जाती है। सपने बड़े हों, तो सुविधाओं का इंतजार नहीं, रास्ते बनाने पड़ते हैं। प्रस्तुत है, कोच पुलेला गोपीचंद से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सार्थक संवाद के अंश।

खास खबर

▶▶| उस दौर में आपने रैकेट थामा, जिस समय सामान्य मध्यमवर्गीय परिवारों में कहा जाता था, बेटा पढ़ो, पढ़ोगे तो कुछ बन जाओगे, नहीं तो चप्पलें चटकाओगे, कैसे?

▶▶| परिवार का सपोर्ट था और हमारे पिता एक बैंक में काम करते थे तो उनका ट्रांसफर होते-होते हम हैदराबाद पहुंचे, करीब 1985 के टाइम पे। तब देश में सभी लोग क्रिकेट खेलना चाह रहे थे, हम भी ऐसे ही थे। थोड़ा-बहुत खेला घर पे, मतलब अपार्टमेंट में और थोड़े विंडोज हमने भी तोड़े तो नेबर्स ने कंप्लेन की, तब माताजी ने बोला कि चलो स्टेडियम



लेकर चलते हैं। क्रिकेट में एडमिशन मिला नहीं, और टेनिस के बारे में पैरेंट्स सोचते हैं कि बहुत महंगा खेल है, इसलिए बैडमिंटन ज्वाइन किया, एडमिशन मिल रहा था। उसके बाद पढ़ाई और खेल का जो बैलेंसिंग एक्ट था, वो काफी मुश्किल था।

▶▶| दो चीजें आपसे जाननी थीं, एक तो आपने ये बताया कि आप जब जूनियर नेशनल चैंपियन बने, उस समय बमुश्किल आपकी 17-18 साल की उम्र थी। आपने बताया कि 91 में आपको टाटा स्टील में जॉब मिल गई। एक 17-18 साल ▶▶|शेष पेज 6 पर

500 सालों से आस्था का केंद्र, ढीमर समाज 200 बरस से कर रहा सेवा

यशवंत साहू ▶▶| धमतरी

शहर के महिमा सागर वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर आस्था, परंपरा और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। पौराणिक मान्यताओं और बुजुर्गों के अनुसार, यह मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है। मान्यता है कि धमतरी गांव की स्थापना के समय ही माता शीतला की स्थापना की गई थी। उस दौर में मंदिर घने जंगलों के बीच स्थित ▶▶|शेष पेज 6 पर

नवरात्रि-3 दिन



शिलालेख में दर्ज है बावड़ी निर्माण का उल्लेख

मंदिर की सेवा और सुरक्षा ढीमर समाज द्वारा 200 वर्षों से अधिक समय से की जा रही है। समाज ▶▶|शेष पेज 6 पर

67 लाख के फर्नीचर घोटाले में एसीबी ने पेश किया 20 हजार पन्नों का चालान

- भंडार क्रय नियमों की अनदेखी कर आपूर्ति और भौतिक सत्यापन से पहले किया गया भुगतान
- आठ फर्मों ने कम फर्नीचर दिया, जबकि दो ने भुगतान लेने के बावजूद किसी स्कूल में नहीं की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत फर्नीचर खरीदी में 67 लाख रुपये से अधिक के घोटाले के मामले में एसीबी ने सोमवार को विशेष न्यायालय, अंबिकापुर में चालान पेश किया। एसीबी-ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायालय में 20 हजार पन्नों का चालान प्रस्तुत किया है। इसमें 10 आरोपियों को नामजद किया गया है। चालान भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी) और 13(2) तथा भारतीय दंड संहिता की धाराओं 120-बी, 409 और 420 के तहत पेश किया गया है।

- 10 आरोपियों के खिलाफ विशेष न्यायालय में दस्तावेजों सहित चालान पेश

जांच में सामने आया कि भंडार क्रय नियमों की अनदेखी कर फर्नीचर की आपूर्ति और भौतिक सत्यापन ▶▶|शेष पेज 6 पर



2.70 करोड़ रुपए का मिला था आवंटन

वर्ष 2010-11 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत अविभाजित सरगुजा जिले के मिडिल स्कूलों में फर्नीचर खरीदी के लिए 2.70 करोड़ रुपये का आवंटन मिला था। जिला कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, अंबिकापुर ने तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक के अनुमोदन से सीएसआईडीसी की दरों पर 10 फर्मों को क्रय आदेश जारी किए थे। इनके लिए कुल 2 करोड़ 68 लाख 18 हजार 838 रुपये के चेक 28 मार्च 2011 को जिला मिशन संचालक और जिला परियोजना समन्वयक के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी किए गए। क्रय आदेशों में 20 दिनों के भीतर फर्नीचर की आपूर्ति करने की शर्त थी। मामले में मिलीभगत से बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की शिकायत के बाद स्कूल ▶▶|शेष पेज 6 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का मास्टर कूपन

कल के अंक में देखें।

मोजे से छिपाकर लाया 86 लाख का सोना

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मस्कट से आए एक यात्री के मोजे में छिपाकर लाया गया 85.76 लाख रुपए मूल्य का 587 ग्राम सोना जब्त किया गया है। यात्री को 10 अक्टूबर को मस्कट से आने के बाद हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन पर रोका गया। वह नौ अक्टूबर को दुबई से विमान के जरिये मस्कट पहुंचा था। यात्री की तलाशी लेने पर उसके मोजे में छिपाकर रखी गई दो आयताकार थैलियों में सोने का पेस्ट मिला।

लगातार 11वें महीने बढ़ी खुदरा महंगाई

महंगाई का 'आतंक', सब्जियों के दाम ने बिगाड़ा घर का बजट!

देश में महंगाई को लेकर आम लोगों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.54 प्रतिशत पर पहुंचने की खबर से घरेलू बजट पर दबाव बढ़ने की आशंका है। आलू, प्याज, टमाटर जैसी सब्जियों और खाने-पीने की चीजों के दाम चढ़े हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से कच्चा तेल भी महंगा हुआ है। इन कारणों से महंगाई लगातार 11वें महीने बढ़ी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- प्याज ने रुलाया, नींबू में बढ़ी खटास, टमाटर भी हुआ लाल
- कच्चे तेल में लगातार बढ़ोतरी का भी दिखा असर

प्याज और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 5.54 प्रतिशत हो गई। हालांकि, यह भारतीय रिजर्व बैंक के लिए निर्धारित संतोषजनक सीमा के भीतर है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में 4.83 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 7.74 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 5.97 ▶▶|शेष पेज 6 पर



अदरक, लहसून, और नींबू के दाम बढ़े

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में सालाना आधार पर 7.74 प्रतिशत रही, जो 21 महीने का उच्च स्तर है। उन्होंने कहा कि अदरक, लहसुन और नींबू जैसी आम उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में दो अंक में वृद्धि दर्ज की गई, जबकि प्याज की कीमतों में तीन अंक में बढ़ोतरी हुई।

एक्सपर्ट व्यू

मौसम का दबाव

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने अनुमान जताया कि वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में मुद्रास्फीति औसतन करीब 6.1 प्रतिशत रह सकती है। अरोड़ा ने कहा, तेल से जुड़ी लागत के अलावा प्रतिकूल मौसम भी खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ा रहा है। अल नीनो का असर 2027 तक बने रहने की आशंका है। फसलों के उत्पादन में चक्रीय उतार-चढ़ाव और जैव ईंधन के लिए अधिक फसल इस्तेमाल किए जाने से आपूर्ति संबंधी जोखिम और बढ़ रहे हैं। एनएसओ ने बताया कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,407 चुनिंदा शहरी बाजारों और 1,465 गांवों से साप्ताहिक आधार पर वास्तविक समय में कीमतों के आंकड़े एकत्र करता है। सितंबर, 2026 में ग्रामीण और शहरी, दोनों बाजारों में आंकड़े जुटाने की दर 100 प्रतिशत रही।

HONDA

The Honda Joy Fest

इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी

कैशबैक ₹10000# तक | न्यूनतम ROI @5.99%* | लोन 100%* तक | लोन अवधि 60* महीने | नो हायपोथिकेशन*



IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS# pine labs#

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BILASPUR: Dream Honda - 9926802408; Maosaji Honda - 7024149881; **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000; Jaswani Honda - 8358065000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILHA:** Sai Honda - 9179256022: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 7694011206; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 9479025937; **PALI:** Jai Mahamaya Honda - 7828132008; **KATHGORA:** Mahadev Honda - 7709859173; Krishna Korba Honda - 7747015377; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Bharat Honda (Gevra Basti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda - 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 9577550099; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400; Shanti Auto Honda - 9343609280; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Shanti Honda- 9201826679; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 9713022700; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 8223999666; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8518020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9131402454; **BATAULI:** Ankan Honda - 9203617070: **CHOWKI:** Manraj Honda - 9424153947.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

सुसाइड-नोट और परिजन की गवाही से साबित हुई प्रताड़ना, 5 साल की सजा बरकरार

बिलासपुर। रायपुर के 36 सिटी मॉल स्थित सिनेमा हॉल में महिला के सुसाइड केस में हाईकोर्ट ने आरोपी की अपील खारिज कर दी है। जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने आरोपी बाबली सिंह उर्फ बबलू उर्फ बोध सिंह की 5 साल की सश्रम कैद और 2 हजार रुपए जुर्माने की सजा बरकरार रखी है। निचली अदालत ने उसे महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी ठहराया था। हाईकोर्ट ने आरोपी को 4 सप्ताह के भीतर संबंधित ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने और सजा भुगतने का आदेश दिया है। अगर वह तय समय में सरेंडर नहीं करता है, तो ट्रायल कोर्ट उसे हिरासत में लेकर सजा भुगतने की कार्रवाई करेगा। प्रकरण के मुताबिक 24 मई 2013 को रायपुर के 36 सिटी मॉल स्थित सिनेमा हॉल में मंजू शर्मा ने सल्फास खा लिया था। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर खाने से दिल और सांस लेने में दिक्कत होना मौत की वजह बताई गई। फएसएल की जांच में भी उनके शरीर के अंगों के नमूने (विसरा) में एल्युमिनियम फॉस्फाइड जहर की पुष्टि हुई।



- हाईकोर्ट ने आरोपी को 4 सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश दिया

पुलिस ने मंजू शर्मा के पर्स से सुसाइड नोट, सल्फास की पुड़िया, फोटो और पहचान पत्र जब्त किए थे। राज्य एफएसएल के हैंड रिटेन एक्सपर्ट ने दस्तावेजों पर लिखावट और हस्ताक्षरों की जांच की। जांच में पुष्टि हुई कि सभी दस्तावेजों पर लिखावट एक ही व्यक्ति की थी।

मां ने बताई थी प्रताड़ना की बात

मृतका की मां ने कोर्ट में बताया था कि घटना से दो-तीन महीने पहले उनकी बेटी ने आरोपी की प्रताड़ना और बेटे को अगवा करने की धमकी मिलने की बात बताई थी। उन्होंने यह भी कहा कि एक बार आरोपी ने दुकान में उनकी बेटी को कुर्सी से पीटा था। वहीं, आरोपी की ओर से दलील दी गई कि महिला का वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण था और उसने पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने सुसाइड नोट, लिखावट की जांच करने वाले एक्सपर्ट की रिपोर्ट और गवाहों के बयानों को ध्यान में रखते हुए आरोपी की दलीलों को स्वीकार नहीं किया।

सड़क दुर्घटना में मौत, परिजन को मिला 62 लाख मुआवजा

हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावा के मामले में अंबिकापुर क्लेम ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ बीमा कंपनी द्वारा पेश अपील में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि दुर्घटना के समय वाहन का वैलिड फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं होना बीमा शर्त का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि जहां बीमा की शर्तों का उल्लंघन होता है, वहाँ "पे एंड रिकवर" का ऑर्डर देना सही है। बीमा कंपनी क्लेम राशि का भुगतान करने के बाद वाहन मालिक से उक्त राशि को वसूल कर सकता है। 16 दिसंबर 2015 को मनीष दुबे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मामले में मृतक मनीष दुबे की मां शिवदेवी, पत्नी ज्योति दुबे, नाबालिग पुत्र प्रभात दुबे ने मोटर व्हीकल्स एक्ट के तहत मुआवजे के लिए क्लेम आवेदन दिया। क्लेम ट्रिब्यूनल ने इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ 61 लाख 53 हजार 240 रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया। इसके खिलाफ नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने हाईकोर्ट में अपील प्रस्तुत कर कहा कि दुर्घटनाकारित वाहन मालिक व चालक ने इंश्योरेंस पॉलिसी शर्त का उल्लंघन किया है। दुर्घटना के समय वाहन का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं था। इसलिए बीमा कंपनी पर मुआवजा राशि की देनदारी नहीं है।

पहले क्लेम का भुगतान होगा, बाद में वसूली

हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी एवं शासन के पक्ष को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि दुर्घटना के समय गाड़ी के पास वैलिड फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं था। यह इंश्योरेंस पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन माना जाता है। कोर्ट ने कहा कि जहाँ फिटनेस सर्टिफिकेट या परमिट नहीं होने की वजह से इंश्योरेंस की शर्तों का उल्लंघन होता है, वहाँ "पे एंड रिकवर" का ऑर्डर देना सही माना जाता है। इसलिए अपील करने वाली इंश्योरेंस कंपनी पहले क्लेम करने वालों को तय मुआवजे की रकम का पेमेंट करे, जिसे वह बाद में नियम तोड़ने वाली गाड़ी के रजिस्टर्ड मालिक और ड्राइवर से वसूल कर सकती है।

बिना कारण बताओ नोटिस ब्लैकलिस्ट करने का आदेश हाईकोर्ट ने किया रद्द

पुलिस विभाग के लिए संचार टावर लगाने वाली दिल्ली की कंपनी एप्लाइड कम्युनिकेशंस एंड कंट्रोल्स को अलग से कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना ब्लैकलिस्ट करने के आदेश को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। चीफ जस्टिस कृष्ण राम महापात्र और जस्टिस संतोष शर्मा की पीठ ने कहा कि किसी कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने से पहले उसे अपना पक्ष रखने का उचित अवसर देना जरूरी है। कोर्ट ने कंपनी को 30 दिन के भीतर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। जवाब मिलने के बाद विभाग नियमानुसार आगे की कार्रवाई कर सकेगा।कंपनी के प्रोपराइटर शिव कुमार शर्मा ने याचिका में बताया कि पुलिस विभाग के लिए 33 टावर लगाने का ठेका मिला था। कंपनी ने निर्धारित समय में काम पूरा कर लिया, लेकिन उसे केवल 13 टावरों का भुगतान किया गया। शेष 20 टावरों में निविदा की शर्तों के अनुरूप काम नहीं होने का हवाला देकर भुगतान रोक दिया गया। बकाया राशि को लेकर दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता की कार्यवाही भी लंबित है।कंपनी के अनुसार, 26 फरवरी 2026 को जारी पत्र में 15 मार्च तक कथित कमियां दूर करने को कहा गया था। ऐसा नहीं करने पर सुरक्षा राशि जब्त करने और ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद 16 जून 2026 को कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। कंपनी ने दलील दी कि ब्लैकलिस्ट करने से पहले उसे इस संबंध में अलग से कारण बताओ नोटिस नहीं दिया गया और न ही अपना पक्ष रखने का अवसर मिला।

विभाग ने कहा- कंपनी ने खुद स्वीकार की थीं खामियां- राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि कंपनी को 20 टावरों की कमियां दूर करने का अवसर दिया गया था। उसे चेतावनी भी दी गई थी कि तय समय में सुधार नहीं करने पर सुरक्षा राशि जब्त करने के साथ ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने बताया कि कंपनी ने 12 अगस्त 2025 के पत्र में टावरों का निर्माण निर्धारित तकनीकी शर्तों के अनुरूप नहीं होने की बात स्वीकार की थी और कमियां दूर करने के लिए समय मांगा था। हाई कोर्ट ने इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध मानते हुए ब्लैकलिस्ट करने का आदेश रद्द कर दिया।

शिक्षक भर्ती विज्ञापन में संशोधन, सेरेब्रल पाल्सी दिव्यांग भी कर सकेंगे आवेदन

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक शिक्षक भर्ती के विज्ञापन में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। उच्च न्यायालय के आदेश पश्चात लोक शिक्षण संचालनालय ने यह संशोधन किया है।

- उच्च न्यायालय के आदेश पश्चात लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया शुद्धि पत्र

शुद्धि पत्र जारी कर दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पात्रता संबंधी प्रावधानों में बदलाव किया गया है। इसके तहत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित तथा सेरेब्रल पाल्सी श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी ऑनलाइन आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि सहायक शिक्षकों के 2,292 पदों के लिए 24 जुलाई को छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। आवेदन की अंतिम तिथि 21 अगस्त थी। इसके पूर्व समाज कल्याण विभाग द्वारा 25 फरवरी 2026 को जारी अधिसूचना में विभिन्न विभागों के पदों के लिए दिव्यांगता की चिह्नांकित श्रेणियों का उल्लेख किया गया था।

2292 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया

जारी संशोधित विवरण के अनुसार सहायक शिक्षक ई-संवर्ग में 795 तथा टी-संवर्ग में 1497 पद शामिल हैं। ई-संवर्ग में रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, रायगढ़ एवं बिलासपुर जिले शामिल हैं। इसी प्रकार टी-संवर्ग में बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, कोरिया, जशपुर, कोरबा, रायगढ़, गरियाबंद एवं बालोद जिले शामिल हैं।

पुनः प्रारंभ होंगे आवेदन

लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि ब्लाइंड, डेफ एवं सेरेब्रल पाल्सी श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने का अवसर दिया जाएगा। इन अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि की जानकारी छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा पृथक से जारी की जाएगी। संचालनालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि 24 जुलाई 2026 को जारी सहायक शिक्षक भर्ती के विस्तृत विज्ञापन की शेष सभी शर्तें एवं कंडिकाएं पूर्ववत रहेंगी।

शराब घोटाला प्रकरण में दो अचल संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई

कांग्रेस के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रामगोपाल की 9 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाला प्रकरण में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के 9.06 करोड़ रुपए की दो अचल संपत्तियों को अटैचमेंट करने की कार्रवाई की है। उनके खिलाफ ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत 9 अक्टूबर 2026 को विशेष न्यायालय पीएमएलए कोर्ट के समक्ष एक पूरक अभियोजन शिकायत दर्ज की है।

ईडी ने 8 अक्टूबर 2026 को एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी किया है, जिसके तहत रायपुर में 9.06 करोड़ रुपए मूल्य की दो अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है। उन्हें इस मामले में ईडी द्वारा 11 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में



- शराब घोटाले के 880 करोड़ रुपए राजीव भवन पहुंचाए
- अग्रवाल के नियंत्रण में 72 करोड़ होने का आरोप

रामगोपाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईओडब्ल्यू, एसीबी द्वारा अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी, कवासी लखमा और अन्य के खिलाफ आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी।

चार साल में तीन हजार करोड़ का घोटाला

केंद्रीय एजेंसी की जांच में जो बातें सामने आई है, उसमें साल 2019 से 2023 के दौरान एक शराब सिंडिकेट आबकारी विभाग और छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) को नियंत्रित कर रहा था। इस सिंडिकेट ने देशी शराब की आपूर्ति पर अवैध कमीशन (पार्ट ए), डुप्लीकेट होलोग्राम के साथ सरकारी दुकानों के माध्यम से बेहिसाब शराब की बिक्री (पार्ट बी), डिस्टलर्स से वार्षिक कमीशन (पार्ट सी) और विदेशी शराब के लिए एफएल- 10 ए लाइसेंस व्यवस्था के जरिए 2 हजार 883 करोड़ रुपए से अधिक की अपराध की कमाई अर्जित की थी।

घोटाले से अर्जित आय राजीव भवन पहुंचाई जाती थी

ईडी की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि सिंडिकेट द्वारा उत्पन्न नकदी का एक बड़ा हिस्सा लक्ष्मीनारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल द्वारा संभाला जाता था और रामगोपाल अग्रवाल के निर्देश पर रायपुर के शंकर नगर स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय 'राजीव भवन' पहुंचाया जाता था। यह नकदी सिंडिकेट से जुड़े लोगों द्वारा लाई जाती थी और राजीव भवन में रामगोपाल अग्रवाल के अधीन काम करने वाले अकाउंटेंट देवेंद्र डडसेना को सौंपी जाती थी। जांच में पता चला है कि इस माध्यम से शराब घोटाले से जुड़ी लगभग 860 से 880 करोड़ रुपए की नकदी पहुंचाई गई थी, जिसमें से लगभग 72 करोड़ रुपए रामगोपाल अग्रवाल के नियंत्रण में रहे।

सेवा संकल्प यात्रा में शामिल भाजयुमो के युवाओं का सम्मान

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे होने पर वडनगर और वाराणसी से निकाली गई सेवा संकल्प बाइक यात्रा में शामिल प्रदेश के भाजयुमो के युवाओं का सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में सम्मान किया।

श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वाराणसी और प्रधानमंत्री की जन्मभूमि वडनगर जाकर सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारे युवा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की तपस्या से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें वडनगर से वाराणसी एवं वाराणसी से वडनगर सेवा यात्रा भी कार्यक्रम का हिस्सा है। इस यात्रा में शामिल होकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल की उपलब्धियों को लेकर जनता से संपर्क किया। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने छत्तीसगढ़ से वाराणसी से वडनगर गए भाजयुमो कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हमारे युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वाराणसी और वडनगर में जाकर जो सेवा कार्य किए हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सरगुजा संभाग प्रभारी अवधेश चंदेल, अभियान प्रभारी जगदीश रोहरा, बस्तर संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह, भाजयुमो प्रदेश प्रभारी वैभव बैस, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 08.10.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.10.2026 तक है।

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
NIT NO. 39 Tender No. 201231	Special Repair Work (Toe Wall, Pitching, Railing Repair Etc.) Of Various Bridges Under Bridge Sub Division Janjgir (C.G.)	रू. 15.68 लाख
NIT NO. 40 Tender No. 201234	Concrete Work (Toe Wall, Pitching, Railing Repair Etc.) Of Various Bridges Under Bridge Construction Sub Division No. 01 Bilaspur (C.G.).	रू. 35.09 लाख
NIT NO. 41 Tender No. 201236	Special Repair Work (Toe Wall, Pitching, Railing Repair Etc.) Of Various Bridges Under Bridge Sub Division Mungeli (C.G.).	रू. 17.63 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़ आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल, रायपुर (छ.ग.)

जी. 262703901/2

Public Works Department
Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
(1st Call)

No. 20/Raipur/2026-27 Raipur, Dated 06.10.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

जिला रायपुर में मेगा एग्जामिनेशन सेटर भवन का निर्माण कार्य हेतु आर्किटेक्ट नियुक्त करने बाबत।

Situated at Raipur, Probable cost of project Rs. 25.00 Cr.

Minimum eligibility for participants shall be as below :-

S. N.	Building project cost	The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-03 Raipur
1	For project cost Between 10 to 25 Crore	Empanelled as architect in Class "C" & Above Class in C.G. PWD.	Rs.5,000-00

General condition: All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 26.10.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website **www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/** from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No.-1 Raipur

जी. 262703923/1

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)
सी.आई.एन. - U40108 CT2003 SGC015822
कार्या. - कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग-दो, पश्चिम, बिलासपुर (छ.ग.)
दूरभाष क्रमांक 07752-427091 वेबसाईट: www.cspdcl.co.in टेलीफोन नं: 07752-427091

क्रमांक/का.अ./न.सं.प./सामा./ 2529 बिलासपुर, दिनांक 12.10.2026

बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व आवश्यक रख-रखाव एवं सुधार कार्य किये जाने हेतु तालिका में दर्शाए गये क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, आवश्यकतानुसार समयावधि घटाया/ बढ़ाया जा सकता है।

क्र.	समय	दिनांक/ दिन	उपकेन्द्र	फीडर	प्रभावित क्षेत्र
1	सुबह 10:00 से 02:30 बजे	13.10.2026 मंगलवार	33/11 केव्ही. कोनी उपकेंद्र	11 के.व्ही. लोधी पारा फीडर	लोधीपारा, बनवारी लाल, लक्ष्मी निवास, कलश आवास शिवघाट, ललित पेट्रोल पंप एवं आसपास का क्षेत्र।
2	सुबह 10:00 से 02:30 बजे	14.10.2026 बुधवार	33/11 केव्ही. कोनी उपकेंद्र	11 के.व्ही. ईमली भाठा फीडर	फॉरेस्ट कॉलोनी, जोगी आवास, ईमलीभाठा, शिव शक्ति मंदिर के पास एवं आसपास का क्षेत्र।
3	सुबह 10:00 से 02:30 बजे	15.10.2026 गुरूवार	33/11 के.व्ही. मुक्ति धाम उपकेंद्र	11 के.व्ही. बंगलीपारा फीडर	बंगालीपारा गली नं.-1,2,3, सामुदायिक भवन, डॉ चौहान गली, सीपत चौक, बघवा मंदिर, पुल के पास, महामाया चौक एवं आसपास का क्षेत्र।
4	सुबह 10:00 से 02:30 बजे	16.10.2026 शुक्रवार	33/11 के.व्ही. चांटीडीह उपकेंद्र	11 के.व्ही. सरकण्डा फीडर	अशोक नगर, गोंडवाना भवन, कोमा के पास, जोरापारा, सांस्कृतिक भवन, फेमिली प्लानिंग एवं आसपास का क्षेत्र।
5	सुबह 10:00 से 02:30 बजे	17.10.2026 शनिवार	33/11 के.व्ही. अशोक नगर उपकेंद्र	11 के.व्ही. पीएम आवास	पीएम आवास ब्लॉक नंबर 7 से 72 तक, रघु विहार, अशोक नगर, आकाश विहार एवं आसपास का क्षेत्र।

"विद्युत संबंधित शिकायतें केंद्रीकृत कॉल सेंटर के फोन नं. 1912 पर दर्ज करावें।"
" विद्युत देयक का भुगतान नियमित करें।"
" असुविधा के लिये खेद है।"

कार्यपालन अभियंता (न.सं.- दो) पश्चिम
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., बिलासपुर

संवाद- 49405

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	200604 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जगदलपुर केन्द्रीय जेल में 06 नग बैरक (फैक्ट्री बैरक (जी.एफ./ एफ. एफ. एण्ड II एफ. हाईसेल बैरक) (शेष कार्य) विद्युतीकरण सहित।	241.19
2	200605 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कोण्डागांव के चांदाबेडा (छोटियामुडा से छिंदली) तक मार्ग लंबाई 3.375 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	405.19
3	200606 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायपुर के सिलयारी बरतोरी खौना मार्ग लंबाई 11.10 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। संभाग - विधानसभा संभाग रायपुर।	2440.12
4	200665 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला मनेन्द्रगढ चिरीमिरी भरतपुर में जिला स्तरीय बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण कार्य जमा मद।	754.86
5	200702 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	बरमकेला में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. एवं विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का कार्य, जमा मद।	463.22
6	200708 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	सकरी में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. विद्युतीकरण सहित, जमा मद।	465.22

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 05 से सं.क्र. 06 दिनांक 22.10.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 21.10.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी. 262703905/4

राज्य बाल संरक्षण समिति, छत्तीसगढ़
संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक 01, तृतीय तल, अटल नगर, रायपुर (छ0ग0)
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email: dlrwcd@nic.in

क्रमांक / 684673 / 63 सी/मबावि/ एससीपीएस/2026-27 रायपुर, दिनांक 09/10/2026

"विज्ञापन"

किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) आदर्श नियम 2016 यथा संशोधित 2022 के प्रावधानों के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बालक कल्याण समितियों मे रिक्तियों की पूर्ति हेतु सदस्यों का चयन कर समिति का गठन / पुर्नगठन किया जाना है। इस हेतु निर्धारित अर्हताओं/अनर्हताओं के प्रकाश में पात्र आवेदकों से दिनांक 16/11/2026 तक आवेदन आमंत्रित हैं।

1. बालक कल्याण समिति के लिए सदस्य की रिक्तियों का विवरण -

क्र	रिक्त संख्या		मानदेय
	जिले का नाम	सदस्य	
1	गरियाबंद	रिक्त-01	2000/- प्रति बैठक / शासन द्वारा निर्धारित मानदेय
कुल योग :-		01	

2. किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की रिक्तियों का विवरण -

क्र	रिक्त संख्या		मानदेय
	जिले का नाम	सामाजिक कार्यकर्ता	
1	मुंगेली	रिक्त-1 (महिला)	2000/- प्रति बैठक / शासन द्वारा निर्धारित मानदेय
2	बिलासपुर	रिक्त-01	
कुल योग :-		02	

1. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाइट www.cgstate.gov.in एवं www.cgwcd.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. प्रत्येक पद के लिए पृथक्-पृथक् आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
3. आवेदन प्रेषित करने का पता संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्लॉक 01, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492002 ।
4. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।
5. आवेदक का आवेदन दिनांक 16/11/2026 को सायं 5:30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे। वांछित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार कृपया आवेदन ना करें।

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
संचालक
महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

जी. 262703913/1

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	200729 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला गरियाबंद में शासकीय कन्या महाविद्यालय गरियाबंद का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित।	463.02
2	200756 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायगढ में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य। (पार्ट-3 स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में बहुउद्देशीय इंडोर और ओलपिंक साईज स्वीमिंग पुल, जल आपूर्ति, सेनेटरी फिटिंग, फायर फिटिंग विद्युतीकरण कार्य सहित)।	1705.39
3	200758 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला जशपुर के कुनकुरी में इंटिग्रेटेड स्पोर्टस काम्पलेक्स निर्माण कार्य। (इंटीग्रेटेड स्पोर्टस कॉम्पलेक्स कुनकुरी में हाफ ओलम्पिक साईज स्वीमिंग पुल का निर्माण पार्ट 3)	536.91
4	200778 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायगढ के रायगढ में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल भवन का निर्माण कार्य।	1933.83
5	200780 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला बलौदाबाजार के बलौदाबाजार बायपास मार्ग वाया (लटुवा पनगांव) मार्ग लं. 12.80 कि.मी. का निर्माण कार्य, पुल-पुलिया सहित।	3917.23
6	200783 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायपुर के अटल एक्सप्रेस-वे पर फुंडहर चौक में ग्रेड सेपेरेटर का निर्माण कार्य।	3831.40
7	200801 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के भाटापारा स्टेशन हावडा- मुंबई रेलमार्ग के कि.मी. 766/13-15 पर खोखली-धौराभाठा रोड के समीप रेल्वे क्रासिंग क्र. 385 पर आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य।	4647.83
8	200824 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला बालोद के उमरादाह से निपानी मार्ग लंबाई 12.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	304.29
9	200836 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	ग्राम किकिरपाल - वेकोपाल से तुमकपाल पहुंच मार्ग लंबाई 2.05 कि. मी.।	226.66
10	200844 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	मां दंतेश्वरी हवाई अड्डा जगदलपुर में एन.टी.आर.ओ. टैक्सीवे और एप्रन के बी.टी. रिन्यूअल का कार्य तथा स्टेट हैंगर का बी.टी. रिन्यूअल कार्य, जमा मद।	237.13
11	200847 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला मुंगेली के ग्राम पंचायत बघनीभांवर से बघर्री पहुंच मार्ग लंबाई 1.475 कि.मी. का निर्माण कार्य।	246.86
12	200842 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला बीजापुर ब्लॉक - बीजापुर के बीजापुर में डाईट उत्कृष्टता अतिरिक्त कक्ष डाईट कॉलेज निर्माण

MARUTI SUZUKI

NEXA

EXPERIENCE
A NEW DAWN OF
ELECTRIC MOBILITY.

e VITARA

NOW WITH
FREE
HOME CHARGER

e VITARA
India goes electric

543km RANGE
543 km RANGE#

BaaS price
₹10.99 LAKH**
Battery EMI @ ₹3.99/km

₹80 000*
WORTH OF BENEFITS
₹30 000 Exchange Bonus
+ Free Home Charger Worth ₹50 000

NEXA edge
60% ASSURED BUYBACK AFTER 3 YEARS
8 YEARS WARRANTY
• BATTERY: 8 YEARS
• VEHICLE: 3+5(PAID) YEARS

SCAN TO CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY @
WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Creative Visualisation. Images used are for illustration purposes only. Applicable T&C available at the nearest dealership. #543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years or 1 00 000 km (whichever is earlier) with an option of extending the same on payment basis to 5 years or 1 40 000 km (whichever is earlier), and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components. *Offers and their related terms may vary, are subject to availability of stock, and are valid for a limited period. Maruti Suzuki reserves the right to modify, withdraw or discontinue any offer at any time without prior notice. **₹10.99 lakh (ex-showroom) price for e VITARA Delta. Battery EMI: ₹3.99/km (subject to applicable financier terms). Taxes and other applicable statutory charges are extra.

गृह मंत्रालय ने किया डिनोटिफाई, रामलीला मैदान सहित 3 जगहों को किया चिन्हित

जंतर-मंतर में धरना-प्रदर्शन पर लगा परमानेंट बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में सालों से आंदोलन और विरोध प्रदर्शनों की पहचान रहे जंतर-मंतर को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर को अधिकृत प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया है। अब राजधानी में किसी भी तरह के धरने या प्रदर्शन के लिए आयोजकों को अन्य तय जगहों का रुख करना होगा। दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार द्वारा जारी स्टैंडिंग ऑर्डर के मुताबिक, अब राजधानी में धरने और विरोध प्रदर्शनों के लिए तीन नई जगहें तय की गई हैं, रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और पूर्वी दिल्ली का CBD ग्राउंड। बता दें, गृह मंत्रालय ने एक कमेटी बनाई थी ताकि नागरिक अधिकारों की मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों को एक उचित स्थान दिया जा सके, जहां वे प्रदर्शन कर सकें। इस कमेटी की सिफारिश पर जंतर-मंतर को अब प्रोटेस्ट साइट से डिनोटिफाई कर दिया गया है।

33 साल पहले दी गई थी जंतर मंतर पर प्रदर्शन की इजाजत

अन्ना आंदोलन, निर्भया व पहलवानों के प्रदर्शन का रहा है गवाह



बेंगलुरु, कर्नाटक में सोमवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर काकरोच पार्टी के सदस्य धरना देते हुए।

ये तीन स्थान किए गए चिन्हित

जंतर मंतर के बदले में प्रोटेस्ट के जो नए साइट हैं वे हैं रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली का सीबीडी ग्राउंड। इन तीनों जगहों पर अब धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जा सकेगा। दिल्ली पुलिस के अनुसार इन तीन जगहों पर प्रदर्शन और धरना आयोजित करने के लिए डिटेल एसओपी अलग से जारी करेगी। ये 28 अप्रैल 2022 को जारी आदेश में आंशिक सुधार है। काॅकरोच जनता पार्टी ने अपना पहला आंदोलन यहीं से किया था, जब एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे।

यह आंदोलन हुए हैं जंतर-मंतर में

जंतर-मंतर देश के शोषितों, वंचित और हाशिये पर रहे लोगों के लिए विरोध का ऐतिहासिक स्थान रहा है। यहां हाल के इतिहास में कई आंदोलन हुए हैं जिससे देश की राजनीति पर असर पड़ा है। वर्ष 2012 में दिल्ली गैंगरेप कांड के बाद निर्भया आंदोलन, 2015 के आस पास वन रैंक-वन पेंशन (ओआरओपी) आंदोलन, 2017 में तमिलनाडु किसानों का प्रदर्शन, 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन, सीएए के खिलाफ आंदोलन जंतर-मंतर में ही हुआ। 2021 में हुआ किसान आंदोलन का भी शुरुआती केंद्र जंतर मंतर ही था। यहां पर तब किसान संसद का आयोजन हुआ था। इसके अलावा 2023 में पहलवानों ने 2023 में भारतीय कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर लंबा धरना दिया था।



जंतर-मंतर को हटाने के पीछे सबसे अहम कारण

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में दलील दी थी कि जंतर-मंतर संसद भवन के बेहद करीब है, जो देश की संप्रभुता का प्रतीक है। पूर्व में एक दिन की अनुमति लेकर 17 दिनों तक प्रदर्शन चलने और संसद की ओर कूच करने की घटनाएं सामने आई थीं। ऐसे में यहां लगातार जुटने वाली भीड़, लंबे समय तक चलने वाले धरने और कई मौकों पर संसद की तरफ बढ़ने की कोशिशों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी थी। सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने और वीवीआईपी इलाके में किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए इसे धरना स्थल की लिस्ट से अलग करना जरूरी समझा गया।

दिल्ली पुलिस बताए प्रदर्शन की तारीख व समय : सीजेपी



सीजेपी ने दिया 24 घंटे का 'अल्टीमेटम'

काॅकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। पार्टी ने पुलिस से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की तारीख और समय तय करने को कहा है। सीजेपी के नेता आशुतोष रांका और सौरव दास सोमवार को इस मांग को लेकर संसद मार्ग पुलिस थाने पहुंचे। सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि पुलिस आमतौर पर किसी भी प्रदर्शन की अनुमति के लिए आयोजकों से 10 दिन पहले संपर्क करने को कहती है। पुलिस की हमेशा शिकायत रहती है कि 10 दिन पहले आइये लेकिन इस बार पार्टी ने प्रदर्शन की तारीख और समय तय करने का फैसला पुलिस पर छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले को लंबित नहीं रख सकती और उसे 24 घंटे के भीतर जवाब देना होगा।

खबर संक्षेप

जंतर-मंतर खत्म हुआ है, विरोध नहीं: अखिलेश

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में वोटर लिस्ट को लेकर विपक्ष का



चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध जारी है। जंतर-मंतर को धरनास्थल की सूची से हटाने पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इससे विपक्ष का संघर्ष नहीं रुकेगा। 'जगह बदलने से संघर्ष नहीं बंद होता है। विपक्ष का लगातार इसी तरह संघर्ष चलता रहेगा। यादव ने कहा कि 'जंतर-मंतर पर प्रदर्शन खत्म होने का मतलब विरोध के अधिकार का खत्म होना नहीं है। लोकतंत्र में अपनी बात रखने के लिए जहां भी बैठेंगे, वही धरने की जगह बन जाएगी।

केरल विस में ज्ञानेश को हटाने का प्रस्ताव पारित

तिरुवनंतपुरम। केरल (केरलम) की राजनीति में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मुख्य चुनाव



आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की निष्पक्षता को लेकर बड़ा मुद्दा सामने आया है। केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने दावा किया है कि राज्य विधानसभा ने पहली बार मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग वाला प्रस्ताव पारित किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार एसआईआर मामले में की टिप्पणी

नए फॉर्म-6 को न तो हमने स्वीकृति दी है और न ही इसे खारिज किया है

सुप्रीम कोर्ट ने 12 अक्टूबर को क्लियर किया कि उसने चुनाव आयोग के बदले हुए 'फॉर्म 6' की वैलिडिटी पर कोई फैसला नहीं सुनाया है। इस फॉर्म का इस्तेमाल भारत के नागरिक वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए करते है। कोर्ट ने कहा कि बदला हुआ वर्जन बिहार में वोटर लिस्ट के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) पर पिछली एक्सरसाइज के बाद लाया गया था। ये क्लेरिफिकेशन ईसीआई के उस दावे पर चल रहे विवाद के बीच आई है जिसमें कहा गया था कि कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया के लिए 'फॉर्म 6' के साथ जोड़े गए एक एडिशनल डिक्लेरेशन को मंजूरी दी थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की अगुवाई वाली बेंच ने, जिसमें जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना भी शामिल थे, उन्होंने उन सुझावों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि उनकी पिछली टिप्पणियों का मतलब बदले हुए फॉर्म को मंजूरी देना था। बेंच ने एक वकील से कहा, 'हमारे मुंह में शब्द न डालें,' और जोर देकर कहा कि उसने बदले हुए वर्जन को न तो मंजूरी दी थी और न ही खारिज किया था। जस्टिस बागची ने समझाया कि कोर्ट की पिछले कमेंट्स का मतलब सिर्फ ये था कि जब बिहार एसआईआर फैसला सुनाया गया था, तब बदला हुआ फॉर्म मौजूद नहीं था। बेंच ने निर्देश दिया कि इस मामले को 27 अक्टूबर को एसआईआर प्रॉसेस और ईसीआई के कामकाज को चुनौती देने वाली दूसरी याचिकाओं के साथ लिस्ट किया जाए।

वकील से कहा-हमारे मुंह में अपने शब्द न डालें, कोई फैसला नहीं सुनाया है हमने

27 अक्टूबर 2026 को सुनवाई होनी है इस पूरे मामले में



एडिशनल डिक्लेरेशन को लेकर यह है विवाद

विवाद एक एडिशनल डिक्लेरेशन पर केंद्रित है जिसमें आवेदकों से पूछा जाता है कि क्या उनके नाम, या उनके माता-पिता या दादा-दादी/नाना-नानी के नाम, पहले की एसआईआर प्रक्रिया के दौरान तैयार की गई वोटर लिस्ट में थे। याचिकाकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि क्या ईसीआई वोटर लिस्ट के नियमों में बदलाव के लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना ऑनलाइन फॉर्म के जरिए ऐसी जरूरत लागू कर सकता है। 'फॉर्म 6' 'रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल्स, 1960' के तहत तय किया गया है। ये नियम केंद्र सरकार की तरफ ईसीआई के साथ सलाह-मशविरा करके 'रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1950' के तहत बनाए गए है।

ईसीआई ने क्या कहा?

चुनाव आयोग का कहना है कि तय 'फॉर्म 6' में कोई बदलाव नहीं किया गया है और एडिशनल डिक्लेरेशन खास तौर पर एसआईआर पीरियड के लिए लाया गया था। 5 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने उन रिकॉर्ड्स की मांग की थी जिनसे पता चले कि बदलावों को मंजूरी किसने दी और उनका कानूनी आधार क्या था। जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वहां से एडिशनल डिक्लेरेशन वापस ले लिया गया है। 27 अक्टूबर 2026 की सुनवाई में इस जरूरत की वैलिडिटी और वोटर रजिस्ट्रेशन पर इसके असर की जांच होने की उम्मीद है।

क्या है फॉर्म 6 और किस बात पर है विवाद

फॉर्म 6 भारत में मतदाता सूची में किसी व्यक्ति का नाम शामिल कराने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला लीगल आवेदन है। इसे कोई भी नागरिक नया वोटर बनने के लिए भरता है। या जो किसी और जगह से शिफ्ट होकर आए हैं, वो अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरते हैं। मौजूदा विवाद ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में जोड़े गए एक अतिरिक्त घोषणा-पत्र को लेकर है, जिसमें आवेदक या उसके माता-पिता के साथ दादा-दादी का किसी पिछली मतदाता सूची में नाम होने के बारे में जानकारी मांगी गई।

विपक्ष ने उठाए सवाल

विपक्ष का आरोप है कि यह घोषणा-पत्र संसद की मंजूरी के बिना जोड़ा गया है, जो कानूनी तौर पर गलत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर किसने यह बदलाव करने का आदेश दिया। चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने भी इस बदलाव पर आपत्ति जताते हुए इसे 'अनधिकृत' बताया था। बाद में चुनाव आयोग ने उन राज्यों में यह घोषणा हटा दी, जहां एसआईआर पूरा हो चुका है, लेकिन जहां अभी चल रहा है, वहां यह अभी भी बरकरार है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बड़ा दावा

ज्ञानेश के मैसेज आते रहते हैं, सरकार के 200 अफसर भी हमारे संपर्क में



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बहुत ही बड़ा दावा किया है। उनका कहना है, 'मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के उनको मैसेज आते हैं।' इंडिया ब्लॉक के मार्च से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद मीडिया ने जब उनसे पूछा- 'इस सब पर क्या ज्ञानेश कुमार ने आपसे बात करने की कोशिश की?' तब गांधी ने इस सवाल का बेहद ही चौंकाने वाला जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'हां, मैसेज आते हैं। वह यह प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहे हैं।' तब पत्रकारों ने पूछा कि आपने उन मैसेज का क्या जवाब दिया? कांग्रेस सांसद ने कहा, 'गवाह बन जाओ। आपने अपराध किया है। आप मुख्य अपराधी नहीं हैं। आपने गलती की है। बहुत आसान है। इस्तीफा दीजिए और रास्ते से हट जाइए। कोई परेशानी नहीं है। हम आपको माफ करने के बारे में भी सोच सकते हैं। क्योंकि वो इस देश की सेवा होगी।'

सीईसी को हटाने की मांग

इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए राहुल ने कई तरह के आरोप लगाए। उन्होंने सीईसी को हटाने की मांग की। कांग्रेस नेता ने कहा कि विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक सीईसी को हटा दिया नहीं जाता। चुनाव प्रणाली में सुधार नहीं किया जाता. न्याय नहीं मिल जाता।

'ईडी-सीबीआई सहित कई अफसर संपर्क में'

इस कॉन्फ्रेंस में राहुल ने कई दावों में से एक दावा यह भी किया है कि लगभग 200 सरकारी अधिकारी विपक्ष के संपर्क में है। जानकारी साझा कर रहे थे। इनमें ईडी, सीबीआई और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गलत काम के जरिए लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। विपक्ष अपने अभियान से पीछे नहीं हटेगा। राहुल ने साफ तौर पर कहा है कि सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त को बचा रही है। विपक्ष के पास मुख्य चुनाव आयुक्त के आचरण के बारे में जानकारी है। ज्ञानेश कुमार ने नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनएसए अजीत डोभाल और उद्योगपति गौतम अडानी के दबाव में काम किया है।

केजरीवाल समेत आप नेताओं पर एफआईआर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बंगला साहिब गुरुद्वारे में हंगामे के मामले में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

सस्ती कैंसर दवाओं की लिस्ट जारी करेगी सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि उसने कैंसर की दवाओं पर अत्यधिक मुनाफे को नियंत्रित करने का बड़ा फैसला लिया है। सरकार का उद्देश्य कंपनियों और विक्रेताओं के बेतहाशा मुनाफे पर लगाम लगाना है, ताकि मरीजों को वाजिब दाम पर दवाइयां मिल सकें और कारोबारियों का भी उचित मुनाफा बना रहे. सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार जल्द ही कैंसर की उन दवाओं की आधिकारिक सूची जारी करेगी, जिन पर 30 फीसदी ट्रेड मार्जिन की सीमा लागू होगी। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, ट्रेड मार्जिन पर 30% की कैप लगने से दवाओं के खुदरा मूल्य (एमआरपी) में 70 प्रतिशत तक की बड़ी कमी आने की उम्मीद है। इससे मरीजों की जेब से इलाज पर होने वाले खर्च में काफी कमी आएगी।

समय-समय पर अपडेट की जाएगी लिस्ट: सॉलिसिटर जनरल

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वस्त किया कि यह सूची समय-समय पर बाजार के बदलावों और सार्वजनिक स्वास्थ्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपडेट की जाएगी, ताकि अन्य जरूरी दवाओं को भी इसमें शामिल किया जा सके। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बहुत सस्ती दवाओं को इस नियम से बाहर रखा जाएगा।

दो अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को दिया गया पुरस्कार

आर्थिक झटकों से निपटने का बनाया मॉडल, मिला नोबेल

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

अमेरिकी अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को आर्थिक झटकों से निपटने के लिए सरकारों और केंद्रीय बैंकों की नीतियां बनाने में मददगार मॉडल विकसित करने के लिए सोमवार को अर्थशास्त्र के नोबेल स्मृति पुरस्कार देने की घोषणा की गई। दोनों अर्थशास्त्रियों के शोध ने यह समझने का आधार तैयार किया कि महंगाई या ऊर्जा संकट जैसी स्थितियों में आम लोगों के खर्च करने के फैसले और कीमतें तय करने की कंपनियों की रणनीति से अर्थव्यवस्था किस तरह प्रभावित होती है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने यहां पुरस्कार विजेताओं की घोषणा करते हुए कहा कि दोनों अर्थशास्त्रियों के काम ने आर्थिक उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए नीतियां बनाने में मदद की है। हॉल कैलिफोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े हैं जबकि वुडफोर्ड न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं। नोबेल पुरस्कार समिति के मुताबिक, दोनों अर्थशास्त्रियों के शोध से बड़े आर्थिक संकट का पहले के मुकाबले अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधन संभव हुआ है।



रॉबर्ट ई. हॉल — माइकल वुडफोर्ड

रॉबर्ट ई हॉल और माइकल वुडवर्ड

रॉबर्ट ई हॉल का जन्म 1943 में अमेरिका के पालो ऑल्टो में हुआ था। वर्तमान में वे प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं माइकल वुडवर्ड का जन्म 1955 में अमेरिका के चिकोपी में हुआ था। वर्तमान में वे दुनिया के एक अन्य शीर्ष संस्थान कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं।

पुरस्कार में 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर

इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत विजेताओं को कुल 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की राशि प्रदान की जाती है। यह इस साल (2026) की घोषणाओं में घोषित होने वाला आखिरी नोबेल पुरस्कार है। इस पुरस्कार का आधिकारिक नाम 'अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में स्वेरिक्स रिक्सबैंक प्राइज इन इकोनॉमिक्स साइंसेज' है। इसकी शुरुआत साल 1968 में हुई थी।

शब्द पहेली - 6376



बाएँ से दाए
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

ऊपर से नीचे
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरूर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

शब्द पहेली - 6375 का हल

■	य	ती	म	खा	ना	■	म	हा	वी	र
क	क्ष	■	हा	■	ना	ह	क	■	र	म
हा	■	ना	न	सें	स	■	र	सा	■	जा
नी	र	ब	ता	■	सु	र	■	न	म	न
का	■	खे	■	अ	र	क्त	■	■	सौ	■
र	वा	ना	हो	ना	■	पा	ल	न	हा	र
■	ह	■	■	चा	ह	त	■	का	■	च
का	न	न	■	र	म	■	ब	र	सा	ना
म	■	र	ज	■	स	का	र	ना	■	का
बा	र	■	खि	ला	फ	■	स	■	भो	र
म	स	ख	रा	■	र	म	ता	जो	गी	■

सूडोकु नवताल - 6386

मध्यम

8	2	5		6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6385 का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

चीन डॉलर को टक्कर देने का प्लान बना रहा, 1000 टन से ज्यादा सोना खरीदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन इन दिनों सोने की खरीद पर जमकर पैसा खर्च कर रहा है। 2026 के पहले 8 महीनों में ही चीन ने 1,000 टन से ज्यादा सोना आयात किया। इस पर चीन ने रिकॉर्ड 158.8 अरब डॉलर खर्च किए। भारतीय रुपए में यह रकम 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

- भारतीय रुपए में यह रकम 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा होती है

चीन ने पूरे 2025 में 886 टन सोना आयात किया था, लेकिन इस साल वह आठ महीनों में ही पिछले साल का आंकड़ा पार कर चुका है। इतना ही नहीं, चीन का सेंट्रल बैंक लगातार 23 महीने से सोने का रिजर्व बढ़ा रहा है। सितंबर 2026 में उसने करीब 23 टन सोना खरीदा, जो लगभग तीन साल में उसकी सबसे बड़ी मासिक खरीद बताई गई है।

चीन ने वर्ष 2026 के पहले 8 महीनों में 1000 टन से ज्यादा सोना आयात किया

चीन डॉलर व बांड पर निर्भरता घटाना चाह रहा

चीन की इस खरीद के पीछे सिर्फ सोने की कीमतों से मुनाफा कमाने की सोच नहीं है। वह अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी सरकारी बांड पर अपनी निर्भरता घटाना चाहता है। दूसरी ओर, चीन की कमजोर प्रॉपर्टी मार्केट, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और बैंक जमा पर कम रिटर्न के कारण आम लोग भी सोने को निवेश के ऑप्शन के तौर पर देख रहे हैं। अब चीन के सोने के भंडार को लेकर एक और बड़ी चर्चा शुरू हो गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, चीन दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा आधिकारिक गोल्ड होल्डर देश है और अगर उसकी खरीदारी इसी रफ्तार से जारी रही।



चीन के पास अमेरिकी बांड की रकम घटी

अमेरिकी ट्रेजरी के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2026 में चीन के पास अमेरिकी सरकारी बांड की रकम घटकर 618 अरब डॉलर रह गई, जो करीब 18 साल का निचला स्तर था। ऐसे में चीन की सोना खरीद को डॉलर पर निर्भरता घटाने और अपने विदेशी करेंसी रिजर्व में बदलाव करने की स्ट्रैटजी के तौर पर देखा जा रहा है।

सोना रिस्क से बचाव दे सकता है

चीन के सोना खरीदने की एक बड़ी वजह अपने विदेशी मुद्रा भंडार को अलग-अलग संपत्तियों में बांटना है। कई देश अपने भंडार का बड़ा हिस्सा अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी सरकारी बांड में रखते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय तनाव के समय विदेशी संपत्तियों पर प्रतिबंध लगने का रिस्क भी रहता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के सेंट्रल बैंक की कई विदेशी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया था।

दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड होल्डर

द कोबेसी लेटर के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर 2026 तक चीन के आधिकारिक सोने का भंडार बढ़कर 2,410 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसमें सितंबर में सेंट्रल बैंक की ओर से खरीदा गया 23 टन से ज्यादा सोना भी शामिल है। फिलहाल आधिकारिक गोल्ड रिजर्व के मामले में चीन से आगे अमेरिका, जर्मनी, इटली और फ्रांस हैं। आंकड़ों के अनुसार, फ्रांस के पास करीब 2,437 टन और इटली के पास लगभग 2,452 टन सोना है। यानी चीन को फ्रांस से आगे निकलने के लिए करीब 27 टन और इटली को पीछे छोड़ने के लिए करीब 42 टन अतिरिक्त सोने की जरूरत होगी। अगर चीन का सेंट्रल बैंक इसी तरह खरीदारी जारी रखता है, तो वह 2026 के अंत तक दोनों देशों को पीछे छोड़ सकता है। ऐसा होने पर अमेरिका और जर्मनी के बाद चीन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आधिकारिक गोल्ड होल्डर बन जाएगा।

रुपए में मजबूती से सोना 1400 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये में मजबूती और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 1,400 रुपये घटकर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये गिरकर 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत मिलने के कारण सोमवार को घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में नरमी रही। रुपये में मजबूती ने भी कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ाया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू मुद्रा को मजबूती देने के उद्देश्य से सप्ताहांत में कई उपाय किए थे। इसके बाद सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 पैसे मजबूत होकर 95.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

- सोना घटकर 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी भी 2000 रुपए गिरकर 2,26,500 रुपए किलोग्राम





एचडीएफसी बैंक का त्योहारों के लिए विशेष अभियान



नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने अपने सालाना त्योहारी अभियान की शुरुआत करने की सोमवार को घोषणा की। इसके तहत ऋण, कार्ड, बचत और चालू खातों से जुड़ी 10,000 से अधिक पेशकश की जाएंगी, ताकि ग्राहक त्योहारों के दौरान किफायती कीमतों पर खरीदारी कर सकें।

जेटवर्क के आईपीओ का मूल्य दायरा तय



नई दिल्ली। विनिर्माण मंच जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस लिमिटेड ने अपने 5,012 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 143-151 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण मंच की ओर से जारी घोषणा के अनुसार, आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा और 19 अक्टूबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 14 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 2,830 करोड़ रुपये के नए शेयर और 14.45 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है।

रायपुर में प्रथमेश हॉस्पिटल का शुभारंभ, सीएम ने की सराहना

125 बेड के अस्पताल में 5 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी के देवपुरी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अत्याधुनिक प्रथमेश हॉस्पिटल की शुरुआत हुई। अस्पताल का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री साय ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की स्वच्छता, सुव्यवस्थित प्रबंधन और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सारिका साहू और उनकी टीम को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि यह संस्थान रायपुर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, संस्थान का उद्देश्य केवल मरीजों का उपचार करना नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सामाजिक जिम्मेदारी और आपसी विश्वास के साथ समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ विभागों के जरिए अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में काम करेगा।

कई प्रमुख चिकित्सा विभागों की सुविधा

अस्पताल में न्यूरोसाइंसेस, कार्डियक साइंसेस, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य, ट्रामा एवं इमरजेंसी, ऑर्थोपेडिक्स, नेफ्रोलॉजी और क्रिटिकल केयर सहित विभिन्न चिकित्सा विभाग शुरू किए गए हैं।

एक लाख वर्गफीट में तैयार किया गया अस्पताल

डॉक्टरों द्वारा संचालित 125 बिस्तरों वाला यह पूर्णतः वातानुकूलित अस्पताल एक एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगभग एक लाख वर्गफीट के परिसर में बनाया गया है। यहां 50 से अधिक बेड का मॉड्यूलर आईसीयू और पांच मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर स्थापित किए गए हैं।

यूरोप में नियमों के कारण विनिर्माण प्रतिस्पर्धी नहीं

सभी कंपनियां भारत में विनिर्माण करना पसंद करेंगी

यूरोप में प्रतिस्पर्धी बने रहना काफी मुश्किल है

वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा, भारत बनेगा वैश्विक केंद्र

यूरोप की कार कंपनियां भारत में विनिर्माण को देंगी प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि यूरोप के नियमों के कारण वहां वाहनों का विनिर्माण प्रतिस्पर्धी नहीं रह जाएगा और ऐसे में यूरोप की सभी कार कंपनियां भारत में विनिर्माण करना पसंद करेंगी। गोयल ने कहा कि भारत वैश्विक कार विनिर्माण केंद्र बनने जा रहा है।

यहां 'दिल्ली डायलॉग' कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ''आखिरकार भारत कार विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनने जा रहा है। सभी कंपनियां भारत आएंगी और यहां विनिर्माण करेंगी। यूरोप में इतने अव्यावहारिक नियम हैं कि वहां प्रतिस्पर्धी बने रहना असंभव हो जाएगा। सभी यूरोपीय विनिर्माता भारत आएंगे।''

भारतीय कामगारों की मांग जर्मनी और जापान में

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जर्मनी और जापान जैसे देशों में भारतीय कामगारों की मांग है। भारत के निर्यात के बारे में गोयल ने कहा कि मंत्रालय चालू वित्त वर्ष में वस्तुओं और सेवाओं का कुल एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात हासिल करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि निर्यात और आयात, दोनों बढ़ रहे हैं। इससे घरेलू उद्योग और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को प्रोत्साहन मिलता है।





टाटा जगुआर खरीदने के बाद मुश्किल में पड़ गई थी

गोयल ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं। टाटा को जगुआर खरीदने के बाद काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। टाटा मोटर्स खुद भी बंद होने की कगार पर पहुंच गई थी। इसके बाद कंपनी ने बड़े पैमाने पर इंजीनियरिंग में बदलाव किए और कुछ मॉडल भारत में बनाने शुरू किए... कई साल बाद आखिरकार वह मुनाफा कमाने में सफल हुई।''

ब्रिटेन के साथ समझौता 15 जुलाई से हुआ लागू

भारत ने मुक्त व्यापार समझौतों के तहत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) को कोटा आधारित शुल्क रियायतें दी हैं। ब्रिटेन के साथ समझौता 15 जुलाई से लागू हो गया था, जबकि यूरोपीय संघ के साथ समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर होने की संभावना है।

ईयू की कार्बन सीमा को लेकर जताई चिंता

मंत्री ने यूरोपीय संघ के किसी नियम का विस्तार से उल्लेख नहीं किया। हालांकि, भारत और कुछ अन्य देशों ने ईयू की कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था (सीबीएएम) को लेकर चिंता जताई है। गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे भारतीय बाजार में मांग का स्तर विनिर्माण को व्यावहारिक रूप से संभव बनाने लायक होगा, वैसे-वैसे अंतरराष्ट्रीय वाहन कंपनियां भारत में अधिक विनिर्माण करेंगी।

आयात के लिए महंगी कारों को शामिल किया गया

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) से कारों के आयात के लिए तय कोटा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत मुख्य रूप से महंगी कारों को शामिल किया गया है।

रुपया 96 पैसे की छलांग के साथ 95.75 प्रति डॉलर



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से घरेलू मुद्रा को मजबूती देने के लिए सप्ताहांत में कई कदम उठाए जाने के बाद रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 96 पैसे मजबूत होकर 95.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। छह महीने से अधिक समय में रुपये की यह एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आरबीआई के उपायों से निकट अवधि में रुपये को बल मिल सकता है। इन उपायों से हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटने और विदेशी मुद्रा बाजार में रुपये के खिलाफ बड़े दांव लगाने पर अंकुश लगने की उम्मीद है। हालांकि, रुपये में लगातार सुधार कच्चे तेल की कीमतों, विदेशी पूंजी के प्रवाह और वैश्विक बाजारों की स्थिति पर निर्भर करेगा।

CHANGE OF NAME

I, SHANTI JHA, spouse of UGRA NATH JHA, hereby declare that my spouse's name has been incorrectly printed as URGA NATH JHA in my old passport, instead of his correct name UGRA NATH JHA.

The name URGA NATH JHA and UGRA NATH JHA refer to one and the same person. The correct name of my spouse is UGRA NATH JHA for all official and legal purposes.

रायपुर में ओमेगा मेडिशाइन हॉस्पिटल शुरू, कैंसर केयर सेंटर का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ओमेगा मेडिशाइन हॉस्पिटल की शुरुआत हुई। रविवार को ओमेगा हॉस्पिटल्स ग्रुप, हैदराबाद की इस पहल के साथ अस्पताल परिसर में कॉम्प्रिहेंसिव ऑन्कोलॉजी केयर यूनिट (व्यापक कैंसर उपचार इकाई) का भूमिपूजन भी किया गया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के मरीजों को कैंसर के आधुनिक उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद जैसे महानगरों पर निर्भर न रहना पड़े। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रायपुर की महापौर मीनल चौबे, मॉर्गन स्टेनली के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रतीक भुरट और क्लियरमेडी हेल्थकेयर के सीईओ कमांडर नवनीत बाली सहित विभिन्न क्षेत्रों के अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में ओमेगा हॉस्पिटल्स ग्रुप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर तथा सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सी. मोहना वाम्सी और ओमेगा मेडिशाइन हॉस्पिटल के एमडी एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा भी उपस्थित रहे।

- सीएम विष्णुदेव साय रहे मुख्य अतिथि

जांच से लेकर उपचार तक की सुविधाएं विकसित होंगी

प्रस्तावित कैंसर केयर सेंटर में कैंसर की स्क्रीनिंग, आधुनिक जांच, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन थेरेपी और पैलिएटिव केयर जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना है। इसके साथ ही रोबोटिक सर्जरी सहित उन्नत चिकित्सा तकनीकों पर भी जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य मरीजों को एक ही स्थान पर जांच, विशेषज्ञ परामर्श और उपचार की समन्वित सुविधा उपलब्ध कराना है।

महानगरों पर निर्भरता कम करने की पहल

कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को अक्सर दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इससे उपचार के खर्च के साथ मरीजों और उनके परिजनों को आवागमन तथा रहने की अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रायपुर में व्यापक कैंसर उपचार सुविधाओं के विकास से छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है।

एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन अब 14 अक्टूबर तक

कोटा। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्रा.लि. की ओर से आयोजित की जाने वाली एलन टैलेंटेक्स-2027 परीक्षा में रजिस्ट्रेशन के लिए देशभर के स्टूडेंट्स को एक और मौका दिया जा रहा है।

- नेशनल रैंकिंग के साथ 2.50 करोड़ के कैश प्राइज
- फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप

स्टूडेंट्स के उत्साह को देखते हुए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11 से बढ़ाकर 14 अक्टूबर तक कर दी गई है। इच्छुक स्टूडेंट्स वेबसाइट पर विजिट कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। आफलाइन व आनलाइन दोनों मोड़ में होने वाली टैलेंटेक्स-2027 के लिए आफलाइन एग्जाम 25 अक्टूबर को जबकि आनलाइन एग्जाम 25, 28 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित होगा।

एलन के वाइस प्रेसीडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि शुरुआत से अब तक एलन टैलेंटेक्स में 21 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल हो चुके हैं। इस परीक्षा में कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। एग्जाम के बाद नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा एलन कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कालरशिप दी जाएगी।



परीक्षा परिणाम के अतिरिक्त प्रत्येक प्रतिभागी को कम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी प्रदान किया जाएगा। यह एक विशिष्ट परफॉर्मेंस इंडिकेटर है, जो विद्यार्थियों को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का आंकलन करने में मदद करेगा। इस इंडेक्स के माध्यम से स्टूडेंट्स यह पता कर सकता है कि यदि वह जेईई, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होता तो उसकी क्या नेशनल रैंकिंग रहती। जो विद्यार्थी पहले से एलन के क्लासरूम कोर्स में अध्ययनरत हैं, वे भी इस परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। विद्यार्थी https:/ / allen. in/tallentex. पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद उन्हें पोर्टल पर उपलब्ध प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स का भी लाभ मिलेगा। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी आधारित होगा, जबकि परीक्षा पैटर्न एवं विस्तृत सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

एमक्योर की अनुषंगी कंपनियों को विलय की मंजूरी मिली



नई दिल्ली। दवा कंपनी एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लि. के निदेशक मंडल ने अपनी दो पूर्ण अनुषंगी कंपनियों जुवेंटस हेल्थकेयर लि. और एमक्यूटिक्स बायोफार्मा-स्युटिकल्स लि. के मूल कंपनी में विलय की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सूचना में कहा कि इस विलय का उद्देश्य समूह के भीतर कंपनियों के ढांचे को व्यवस्थित करना और परिचालन दक्षता बढ़ाना है। एमक्योर फार्मास्युटिकल्स ने कहा कि इस योजना को अमल में लाने के लिए नियमों के तहत जरूरी वैधानिक और नियामकीय मंजूरियां लेनी होंगी। इसमें मुंबई स्थित राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की मंजूरी भी शामिल है।

सहजानंद का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा

नई दिल्ली। सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने 475 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 327-344 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़े बचेली जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय फोन / फैक्स नं.-07857-231762, 230261 इमेल id :-cmobch@rediffmail.com

क्रमांक/1448/तक. शा./न.पा.प./2026-27 बड़ेबचेली, दिनाँक :- 09/10/2026

ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी श्रेणी अथवा प्रवर श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

क्र.	ई-टेण्डर सिस्टम नम्बर	कुल अनुमानित लागत (लाख में)	टेण्डर डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	नगरपालिका सीमा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में 15वें वित्त, अधोसंरचना एवं पार्षद निधि से कुल 17 विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु ई-टेण्डर सिस्टम नम्बर 201303, 201322, 201309, 201304, 201318, 201320, 201315, 201307, 201319, 201306, 201314, 201302, 201324, 201328, 201326, 201327 एवं 201325 आमंत्रित की गई है।	422.74	30.10.2026
	कुल योग :-	422.74	

टीप :- निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई-प्राक्यूरमेंट के मेन पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से एवं जिला एनआईसी पोर्टल http://Dantewada.nic.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बड़े बचेली
जिला- दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूसन कम्पनी लिमिटेड

(सं./सं.) संभाग-बलरामपुर

क्रमांक / का.यं.ब./क्रय /सूचना /2905 / बलरामपुर, दिनांक 12.10.2026

-:: विद्युत बंद होने की सूचना ::-

बलरामपुर जिले के सम्बंधित सम्माननीय उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व लाईनो का रख रखाव हेतु आवश्यक सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिसके कारण दिनांक 13.10.2026 से 26.10.2026 तक प्रात: 9:00 बजे से 2:00 बजे तक निम्नलिखित दिनाँक को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

क्र	दिनांक	सबस्टेशन	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	13.10.2026	राजपुर सरनापारा 33/11 के0व्ही उपकेन्द्र	11 के.व्ही सरनापारा	चटकपुर, ओकरा, चन्दोरीपारा, पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
2	14.10.2026	राजपुर सरनापारा 33/11 के0व्ही उपकेन्द्र	11 के. व्ही बासेन	नवकी, बगाड़ी, सिंचोरा, गोपालपुर, मुरका, मुनवा, महगई पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
3	15.10.2026	राजपुर सरनापारा 33/11 के0व्ही उपकेन्द्र	11 के.व्ही बरियों	परसागुडी, चन्द्रगढ़, डिगनगर, नरसिंहपुर, मरकाडांड पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
4	16.10.2026	राजपुर महुआपारा 33/11 के0व्ही उपकेन्द्र	11 के.व्ही नया कमारी	कोटागहना, परसापानी, सेवारी, लाउ, भदार पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की. विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
5	21.10.2026	राजपुर महुआपारा 33/11 के0व्ही उपकेन्द्र	11 के.व्ही झिंगो	झिगों, कर्रा, अलखडिहा, कउडू, माकड पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
6	22.10.2026	राजपुर महुआपारा 33/11 के0 व्ही उपकेन्द्र	11 के.व्ही पुराना कमारी	गांव-लडुआ, बैढ़ी, घोरघडी पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
7	23.10.2026	पस्ता 33/11 के0व्ही उपकेन्द्र	11 के.व्ही अलखडिहा	भेडाघाट, बासेन, कोदोडीपा, जिगड़ी पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
8	24.10.2026	राजपुर सरनापारा 33/11 के0व्ही उपकेन्द्र	11 के.व्ही टाउन 1 व 2	राजपुर टाउन 1 एवं 2 पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
9	25.10.2026	पस्ता 33/11 के0व्ही उपकेन्द्र	11 के. व्ही पस्ता	पस्ता टाउन पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।
10	26.10.2026	पाढ़ी 33/11 के0 व्ही उपकेन्द्र,	11 के.व्ही पाढी	खटवा बरदर, परती, पाढ़ी, लुरगी पतरापारा एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी।

टीप :- आवश्कतानुसार समय में बदलाव किया जा सकता है।

"विद्युत की बचत करें, समय पर विद्युत बिल का भुगतान करें।"
"प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्राप्त करें"

भवदीय
कार्यपालन अभियंता (सं./ सं.) संभाग
छ0रा0वि0वि0 कं0 मर्या0, बलरामपुर

स. 49404

प्रथम पृष्ठ का शेष

'वोट चोरी' पर सड़क से सुप्रीम ...

(शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता डी. राजा, माकपा महासचिव एम. ए. बेबी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेता ई. टी. मोहम्मद बशीर समेत विपक्षी दलों के नेता भी इस याचिका से संबद्ध हैं। बीते मंगलवार से राष्ट्रीय राजधानी में निर्वाचन आयोग के मामले पर विरोध कर रहे 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने उच्चतम न्यायालय की तरफ मार्च किया, हालांकि पुलिस ने शीर्ष अदालत से कुछ दूर पहले भगवान दास रोड पर अवरोध लगाकर उन्हें रोक दिया। विपक्ष ने इस मार्च को 'चलो दिल्ली-लोकतंत्र के लिए मार्च' नाम दिया था।

राहुल गांधी, खरगे, प्रियंका गांधी वाद्रा, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और अन्य विपक्षी नेता कॉन्स्टिट्यूशन क्लब से बसों में बाराखंभा रोड पहुंचे। वहां से उन्होंने उच्चतम न्यायालय की ओर मार्च शुरू किया। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कई अन्य नेताओं ने कुछ देर पैदल मार्च किया और एक ट्रक पर सवार होकर आगे बढ़े। बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता भी मार्च में शामिल हुए। पैदल मार्च के दौरान प्रियंका गांधी के साथ वाम छात्र संगठन आइसा की प्रमुख नेहा बोरा नारेबाजी करते हुए चलती देखी गईं। नेहा पिछले कई दिनों से दिल्ली में जारी प्रदर्शन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। भगवान दास रोड पर पुलिस ने दो स्थानों पर अवरोधक लगाए थे। प्रदर्शनकारियों ने पहले अवरोधक को पार कर लिया, लेकिन उच्चतम न्यायालय के पास लगाए गए दूसरे बैरिकेड पर पुलिस ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोक दिया। पुलिस द्वारा रोके जाने पर कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता अवरोधक पर खड़े हो गए और नारेबाजी की। विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर सड़कों और दीवारों पर प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारे लिख दिए। इस मार्च के बाद राहुल गांधी और कई अन्य विपक्षी नेता याचिका से संबंधित औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए उच्चतम न्यायालय पहुंचे। मार्च से पहले राहुल गांधी ने कहा था कि विपक्षी दल उच्चतम न्यायालय जाकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिका दायर करेंगे। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए उन पर कथित चुनावी अनियमितताओं को लेकर निशाना साधा था। गांधी ने यह भी कहा था कि यह लड़ाई लंबी चलेगी और विपक्ष चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अपने आरोपों को लगातार उठाता रहेगा। गांधी और खरगे ने इससे पहले भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत से मुलाकात का समय मांगा था, ताकि कथित 'वोट चोरी' सहित अन्य मुद्दों पर उन्हें ज्ञापन सौंपा जा सके।

हालांकि, प्रधान न्यायाधीश ने मुलाकात से इंकार करते हुए संकेत दिया कि संबंधित मुद्दे पहले से ही न्यायिक प्रक्रिया के तहत उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन हैं। विपक्ष की प्रमुख मांगों में कथित 'वोट चोरी' पर रोक, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक शामिल है। विपक्षी दलों का आरोप है कि एसआईआर के दौरान करोड़ों मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। निर्वाचन आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा इन आरोपों को खारिज करते रहे हैं और मतदाता सूची के पुनरीक्षण को अपात्र, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया बताते हैं। 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने पिछले मंगलवार से चुनावों में कथित ''धांधली'' और ''वोट चोरी'' के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन तेज कर रखा है। सोमवार का मार्च और उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल करना विपक्ष के इस अभियान को न्यायिक स्तर तक ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

तेजस्वी बोले- लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए हुए हैं एकजुट- इंडिया ब्लॉक के विरोध मार्च के दौरान बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा, देश की जनता उन्हें कभी नहीं भूलेगी। हम सभी लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। अब उन्हें सबक सिखाने का समय आ गया है। मार्च के दौरान एक व्यक्ति हुआ बेहोश-इंडिया ब्लॉक मार्च से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। जिसमें एक व्यक्ति बेहोश होकर सड़क पर नीचे गिर जाता है। हालांकि, सुरक्षा को देखते हुए उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।

सरकार ने सुन ली मासूम की पुकार...

पहुंचने के बाद इसकी सूचना रिमोन के पिता अजय कुमार टंडन को भी दे दी गई है। अब जापान और मलेशिया से आने वाले इंजेक्शन की उपलब्धता के आधार पर रिमोन टंडन का उपचार शुरू हो सकेगा। बता दें, रिमोन टंडन के उपचार के लिए हरिभूमि और आईएनएच न्यूज ने लगातार पहल की। रिमोन अपने माता पिता के साथ आईएनएच न्यूज के स्टूडियो पहुंचा था, जहां लाइव परिचर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने उसके लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की थी। रिमोन दुनिया के दुर्लभ बीमारी आइसोलेटेड ग्रोथ हार्मोन डिफिशिएंसी टाइप 1ए से पीड़ित है।

अग्निवीरों के लिए आरपीएफ में भी भर्ती ...

की भर्ती सुनिश्चित की जाएगी, जिससे प्रत्येक वर्ष भर्ती हो सकेगी और कैडर प्रबंधन सुचारु रूप से किया जा सकेगा। इसी क्रम में केंद्र की निर्धारित नीति के अनुसार, प्रत्येक 1,000 कांस्टेबलों पर आरपीएफ में भी अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया प्रगति पर है। रेल मंत्री महोदय द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं के अनुसार, आरपीएफ के कमांडो ट्रेनिंग सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर जगाधरी तथा जोनल ट्रेनिंग सेंटर, एनसीआर सूबेदारगंज को पूर्ण रूप से मान्यता प्राप्त हुई है।

9 माह में 223 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

महानिदेशक ने बताया कि वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों में आरपीएफ ने लगभग 223 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए। वहीं, जन विश्वास अधिनियम, 2026 के तहत रेलवे अधिनियम की आठ धाराओं में जुर्माने के प्रावधान लागू किए जाने और संबंधित सात महीने की अवधि में लगभग 28.8 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूलने की जानकारी दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बीट प्रणाली के तहत रेलवे क्षेत्रों को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर नियमित गश्त, सूचनाओं के संकलन और रिकॉर्ड संधारण पर भी जोर दिया जा रहा है।

22,000 बॉडी-वॉर्न कैमरे खरीदे ...

सहायक उपकरण तथा 28 करोड़ रुपये की लागत से सीसीटीवी निगरानी, वीडियो एनालिटिक्स, एक्सेस कंट्रोल और ड्रोन प्रशिक्षण लैब स्थापित की जा रही हैं। इसके अलावा, 33 करोड़ रुपये की लागत से 22,000 बॉडी-वॉर्न कैमरे खरीदे जा रहे हैं। इन उपकरणों से रेलवे में अपराधों की रोकथाम, पहचान और निगरानी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उपकरणों के प्रभावी उपयोग के लिए आरपीएफ कर्मियों का प्रशिक्षण भी जारी है।

हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलसचिव ...

विश्वविद्यालय की ओर से गठित समिति की जांच के दस्तावेजों के अवलोकन के बाद मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आदेश में उल्लेख है कि कुलदीप वर्तमान में जमानत पर हैं। विभागीय जांच और आरोपपत्र अलग से- शासन ने आदेश में बताया है कि आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय की ओर से 24 जुलाई 2026 को जारी कारण बताओ नोटिस और 1 अक्टूबर 2026 के पत्र पर विचार करने के बाद कुलदीप को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, 51 इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि विभागीय जांच की प्रक्रिया अलग से शुरू की जाएगी और आरोप पत्र भी अलग से जारी होगा।

कुलपति के अधिकारों के इस्तेमाल ..

मौखिक रूप से नहीं किया गया था। यदि कुलसचिव ने कुलपति की मंजूरी के बिना अपने स्तर पर इन अधिकारों का इस्तेमाल किया, तो यह गंभीर अनियमितता और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल है।

शिकायत नहीं, संकल्प...

का लड़का, नौकरी पा गया, कैसे?

0 अभी पढ़ाई नहीं, कोई स्किल नहीं, कोई इंटरेस्ट नहीं, अभी जॉब भी नहीं रहेगी तो हम करेंगे क्या जिंदगी में? 18 साल में मैंने ज्वाइन कर लिया। सो, माय मदर एप्लाइड टू एवरी कॉर्पोरेट, कि ये खेलते रह जाएगा या पढ़ाई ठीक से नहीं करेगा तो ये करेगा क्या? सो, आई थिंक क्रेडिट टू माय मदर, उन्होंने ऐसा सोचा कि इसको जॉब करनी है।

0 उस समय कोई खिलाड़ी आपके जेहन में रहता था कि मैं ऐसा बनना चाहता हूं या कोई रोल मॉडल था आपका?

00 मुझे ज्यादा दूर देखने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि हमारे स्टेट में मनोज और प्रवीण दो प्लेयर थे, काफी अच्छे थे। अनिरुद्ध और सुनील ज्योति थे, वे भी अच्छे थे। तो मुझे न, दूर कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ी। वी हैड पीपल लाइक, दीपांकर भट्टाचार्य करके एक थे, जॉर्ज थॉमस करके एक केरला के थे, राजीव बग्गा बॉम्बे के थे। ये जो सारे लोग, मेरे जो कंटेंपररीज हैं, उनसे मैंने बहुत सीखा है।

0 प्रकाश पादुकोण की आपके जीवन में क्या भूमिका रही है?

00 अगर प्रकाश सर 1980 में ऑल इंग्लैंड नहीं जीतते ना, तो हमारे माइंड में ऐसा कभी आता भी नहीं था कि हम भी जीत सकते हैं। तो हमें ये है कि एक इंडियन जीता है तो हमारा जो स्किन वाला है, हमारे जैसे ही जो पला-बढ़ा है, खिला है, वो जीत सकता है, हम भी जीत सकते हैं। सो, आई थिंक जस्ट दैट वन पॉइंट ऑफ बिलीव इज समथिंग व्हिच इज ह्यूज। बट ऑल्सो प्रकाश सर, द वे ही हैज कंडक्टेड हिमसेल्फ, द वे ही हैज प्लेड, आई थिंक एंड द स्ट्रेंथ इन हिज गेम, एक्चुअली हेल्प अस, हेल्प मी टू थिंक दैट बॉस सर कर लिया, प्रकाश सर ने किया तो मैं भी कर सकता हूं।

0 आपने यह सोच रखा था कि आगे चलकर मुझे कोचिंग करनी है?

00 ऐसा था कि जब मैं हैदराबाद में था तो हर सुबह स्टेडियम जाता हूं, वो अभी 5.30 बजे चले गए, वो वॉचमैन आएगा 6 बजे, यार महबूब साहब उनका नाम था, महबूब साहब आएंगे, आएंगे, आएंगे, मतलब देखते रहते, फिर वो जब आएंगे, अंदर जाएंगे तो एक दिन करंट है, एक दिन करंट नहीं है तो वो एक चैलेंज था, अब शटल है, नहीं है, कोच है, नहीं है, प्लेयर है, नहीं है, वो ग्राउंड में चले जाते हैं तो शादी हुई है, ग्राउंड बंद है, वो स्वीमिंग पूल करने जाना है, स्वीमिंग करनी है तो स्वीमिंग पूल में पानी नहीं है तो और दिवाली, रमजान, क्रिसमस, स्टेडियम बंद है, सैटरडे, संडे बंद है, सो ऐसे है ना, और मैं यूरोप गया खेलने के लिए, मतलब जर्मनी में 3 साल था तो सारी चीजें एक जगह पे हैं, हमको बेसिक स्ट्रक्चर पे काम करने की जरूरत है, हमको सब चीज चाहिए, मतलब प्लेयर बनने के लिए ना, हम एक-एक घंटे ट्रैवल करके जिम के लिए जाएंगे, एक घंटा रनिंग के लिए जाएंगे, एक घंटे खाने-सोचने के लिए तो ऐसा बात नहीं चलेगा, मतलब एक जगह, तो मेरा ऐसा माइंडसेट था कि भाई ऐसा रहने से अच्छा रहता है, ऐसा करके मैं सोचता था। और मुझे यह सब करने के चक्कर में ना, मैं ऑल इंग्लैंड जीता 27 की एज पे, तो मेरा माइंड में ये था कि अगर ये सारी हम फैसिलिटीज बच्चों को दें तो मेरे जैसा बंदा कोई होगा, जिसके पास पोटेंशियल होगा तो वो 27 पे नहीं जीतेगा, ऑल इंग्लैंड में भी 20 साल पे जीतेगा। तो उसको सात-आठ साल और मिलेंगे, ताकि और बहुत बढ़िया खेल सके।

0 खिलाड़ी के रूप में खुद से कितने संतुष्ट हैं?

00 जितना मेहनत मैंने किया, उससे ज्यादा मेरे से होता नहीं है। तो मैं बहुत खुश हूं। मैं ऐसा हूं कि एक बार हो गया, हो गया। अभी उसको पीछे पलट के देखने वाला मैं नहीं हूं। बट हां, आपने जो बोला, बात सही है, बट मेरा एक बेसिक अंडरस्टैंडिंग है कि आप दिल से चाहो, आप रास्ता ढूंढोगे। आप कंप्लेंट करोगे तो रुक जाओगे। उस जमाने में जो मिला, वही बहुत था। मतलब, एंड आई एम वेरी हैप्पी विथ दैट। एंड, अगर सब कुछ मुझे मिलता तो शायद उतनी हंगर मेरे में रहती नहीं।

0 ऐसा कोई निराशा का क्षण, जो आपके जेहन में, अभी भी कचोटता हो। ये एक मौका था, जो गोपीचंद को अखरता हो। उस समय में मैं चूक गया, ऐसा है कोई?

00 ऐसा तो नहीं है, बट ओलंपिक्स इज समथिंग, 2000 सिडनी ओलंपिक्स, आई विश आई कुड हैव वन दैट, क्योंकि गेम तो था, बट आई कुडन्ट विन, दैट्स वन। मैं ज्यादा उसके बारे में सोचता नहीं हूं, बट ठीक है, उसके बदले में मुझे ऑल इंग्लैंड मिला, ठीक है, इट्स नॉट ए बिग प्रॉब्लम। सो, आई एम हैप्पी विथ दैट।

0 आपके नेतृत्व में बैडमिंटन में भारत की उपलब्धियां पिछले डेढ़ दशक, दो दशक में जबरदस्त रहीं, पर अभी एशियन गेम्स हुआ तो अतीत में जैसी उपलब्धियां थीं, उसके मुकाबले में इस बार का प्रदर्शन थोड़ा निराश करता है?

00 मैं अपने दूसरे नजरिए से देखूं तो सात्विक और चिराग ने जो वर्ल्ड चैंपियंस हैं, उनको हराया एशियन गेम्स में, टीम चैंपियनशिप में। जापान का जो टॉप पेयर है, जो टॉप फाइव पेयर है, उनको हराया इन द टीम चैंपियनशिप। हमारे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

0 भारत सरकार ने बड़ी उम्मीदों के साथ प्रशिक्षण के संदर्भ में एक टास्क फोर्स बनाई, जिसका प्रमुख आपको बनाया था, आपने अपनी रिपोर्ट वगैरह भी दी हुई है।

00 अभी सिंपल है कि अगर आपके देश में टैलेंट है, आपका बच्चा टैलेंटेड है तो भाई, कोई कुछ नहीं बोलेगा, ये देश के लिए खेलना है और इसको स्पोर्ट्स स्कूल में डाल दो, और आपको साल में एक हफ्ता आपके साथ रहेगा, बाकी हर दिन वो मेरे साथ ही रहेगा, और आपको सैटरडे इवनिंग एक बार आपको देखने को मिलेगा। ऐसा सिस्टम लगाता है चीन। एंड दैट इज वैरी सक्सेसफुल। नाउ, इज इट पॉसिबल इन अवर कंट्री, इज ए क्वेश्चन मार्क। अगर हमको ऐसा एक्सीलेंस चाहिए तो हमको उतना सैक्रिफाइसेस करने की भी ताकत रहनी चाहिए, एज ए सिस्टम। सो, दैट्स ऑल आई एम सेइंग।

0 हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी चाहते हैं, ओलंपिक करें, दूसरे देश आएं और जीत के चले जाएं या अपने यहां ओलंपिक है तो भाई ठीक-ठाक पदक हम भी जीत पाएं। इस दृष्टि से गोपीचंद क्या सोचते हैं?

00 अभी तो हमने डिसाइड किया है कि ओलंपिक्स हम कर रहे हैं। अब बिड तो कर रहे हैं, मतलब अपने देश, अपनी तरफ से तो मेहनत यही है कि हम करें, बिड भी करें। सो, इसका पोस्ट ओलंपिक्स और प्री-ओलंपिक प्रिपरेशन के ऊपर हमें और ज्यादा ध्यान देना चाहिए। एक खिलाड़ी को आप बनाने के लिए, छह-आठ साल की उम्र में आप स्टार्ट करते हैं तो वो 20 साल का बनता है। 10-12-15 साल लगते हैं।

0 रायपुर में गोपीचंद के नाम पर एकेडमी स्थापित हो रही है तो गोपीचंद का नाम ही रहेगा या गोपीचंद भी कभी-कभी दिखा करेंगे?

00 नहीं, ऐसा नहीं है, मैं भी आऊंगा यहां। यहां की प्रतिभाओं को निखारने का काम होगा।

500 सालों से...

था। मंदिर परिसर के पास बनाया गया प्राचीन तालाब आज भी इसके इतिहास की याद दिलाता है। माता शीतला को स्वच्छता और रोगों से रक्षा करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि नए गांव बसाने के दौरान ग्रामवासियों के स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना से माता शीतला का मंदिर स्थापित किया जाता था। इससे धमतरी नगर और मंदिर की स्थापना के एक ही कालखंड से जुड़े होने की मान्यता को बल मिलता है।

नवरात्रि में जलती है मनोकामना ज्योति-

मंदिर के 95 वर्षीय पुजारी जनक महाराज के अनुसार, श्रद्धालु माता शीतला के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। क्वांर और चैत्र नवरात्र में यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं और मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करते हैं। मंदिर के महासंरक्षक परमेश्वर फूटाने, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर और कोषाध्यक्ष सोनू नाग सहित पदाधिकारी मंदिर के विकास एवं विस्तार में जुटे हैं। पूर्व सेवादारों और समाजसेवियों का योगदान भी मंदिर की परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा है।

शिलालेख में दर्ज...

द्वारा निर्मित बावड़ी के जीर्णोद्धार के दौरान लगभग 25 फीट की गहराई में शिलालेख मिला था। इसमें श्रावण सुदी पूर्णिमा, संवत 1992 में बावड़ी निर्माण का उल्लेख है। यह विवरण राजस्व रिकॉर्ड में भी दर्ज बताया गया है। बावड़ी का निर्माण माता को नियमित जल अर्पित करने के उद्देश्य से कराया गया था।

महंगाई का 'आतंक',...

प्रतिशत थी। सितंबर में जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई, उनमें प्याज (108.09 प्रतिशत), चांदी के आभूषण (87.8 प्रतिशत), अदरक (62.85 प्रतिशत), लहसुन (54.62 प्रतिशत) और नींबू (36.41 प्रतिशत) शामिल हैं। इसके उलट आलू, टमाटर, मोटर कार एवं जीप, भिंडी और नारियल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

सितंबर में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति 6.08 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 4.88 प्रतिशत रही। वर्ष 2024 को आधार वर्ष मानकर तैयार किए गए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर मुद्रास्फीति 5.54 प्रतिशत रही। जनवरी में वर्ष 2024 को आधार वर्ष मानकर नई श्रृंखला शुरू होने के बाद सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। करीब चार साल में यह पहली वृद्धि थी। केंद्रीय बैंक ने संकेत दिया था कि निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना नहीं है और बढ़ती मुद्रास्फीति, रुपये में कमजोरी तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच आगे भी दरें बढ़ाई जा सकती हैं। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान भी मामूली बढ़ाकर पांच प्रतिशत से 5.2 प्रतिशत कर दिया। उसने कहा कि कई वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी का दबाव अब अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दूसरी तिमाही में इसके 4.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में छह प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है, जिसमें दो प्रतिशत की घट-बढ़ की गुंजाइश है।

गांवों में महंगाई का असर शहरों से ज्यादा -

सितंबर के आंकड़ों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच भी अंतर देखने को मिला। ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 6.08 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 4.88 प्रतिशत रही। इसका मतलब है कि गांवों में कीमतों में बढ़ोतरी का दबाव शहरों के मुकाबले अधिक रहा।

इन राज्यों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति-

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु, ओडिशा, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में मुद्रास्फीति सबसे अधिक रही। मिजोरम में यह सबसे कम थी। क्रिसिल की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कम बारिश के कारण कृषि उत्पादन प्रभावित होने से आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि खाद्य वस्तुओं के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी कीमतों में बढ़ोतरी का दबाव बढ़ रहा है। देशपांडे ने कहा, वित्त वर्ष 2026-27 में ब्रेंट कच्चे तेल का औसत मूल्य 88-93 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर 25-32 प्रतिशत अधिक है। इससे खुदरा ईंधन की कीमतें ऊंची बनी रहेंगी। साथ ही, मांग मजबूत होने से उत्पादकों को ऊर्जा, परिवहन और अन्य कच्चे माल की बढ़ी लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डालने की अधिक गुंजाइश मिल रही है। इससे मुद्रास्फीति का दबाव और बढ़ रहा है।

67 लाख के...

से पहले ही तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक ने चेक के माध्यम से भुगतान कर दिया था। इनमें से दो फर्मों ने भुगतान लेने के बावजूद एक भी स्कूल में फर्नीचर की आपूर्ति नहीं की, जबकि आठ फर्मों ने निर्धारित संख्या से कम फर्नीचर दिया। जांच में यह भी सामने आया कि फर्मों ने देयकों के साथ स्कूलवार आपूर्ति सूची और प्रधान पाठकों के हस्ताक्षरयुक्त प्राप्ति प्रमाणपत्र नहीं दिए थे। भुगतान के बाद भी ये प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं हुए। फर्नीचर की गुणवत्ता की जांच, क्रय समिति से भौतिक सत्यापन और फर्मों के साथ अनुबंध की प्रक्रिया भी पूरी नहीं की गई। इसके अलावा तीन प्रतिशत सुरक्षा निधि भी जमा नहीं कराई गई। वित्त विभाग के निर्देशों में बजट व्यपगत होने से बचाने के लिए अग्रिम आहरण तथा आपूर्ति या सत्यापन के बिना भुगतान को गंभीर वित्तीय अनियमितता माना गया है।

सात लाख रुपये कमीशन देने का आरोप-

एसीबी के चालान के अनुसार, विवेचना में सामने आया कि एसपी पांडेय ने 18 फरवरी 2011 को दर्शन फेब्रिकेटर, रायपुर के संचालक सुरेश कटारिया के नाम जारी क्रय आदेश उन्हें देने के बजाय आकृति प्रिंटिंग प्रेस, अंबिकापुर के संचालक संजय पटेल को दे दिया। आरोप है कि पांडेय ने संजय पटेल को फर्म का गठन कराने में सहयोग किया। इसके बाद संजय पटेल ने कथित तौर पर बताया कि उसने सात लाख रुपये कमीशन के रूप में एसपी पांडेय को दिए थे और शेष राशि से उसे फर्नीचर की आपूर्ति करने को कहा गया था। इसके बावजूद उसने किसी भी स्कूल में फर्नीचर की आपूर्ति नहीं की।

एक आरोपी की हो चुकी है मौत-

एसीबी के अनुसार, महारानी स्टील एंड अल्लायंस, रायपुर के संचालक प्रेमचंद जैन को चेक क्रमांक 625156 के माध्यम से 11 लाख 44 हजार 349 रुपये का भुगतान किया गया था। राशि निकालने के बावजूद उनकी फर्म ने किसी स्कूल में फर्नीचर की आपूर्ति नहीं की। प्रेमचंद जैन की 7 अगस्त 2025 को मृत्यु हो चुकी है। शेष आठ फर्मों ने भी आदेशित मात्रा से कम फर्नीचर की आपूर्ति की। फर्मवार गणना में आपूर्ति नहीं किए गए फर्नीचर की राशि 56 लाख 84 हजार 848 रुपये, वैट की राशि 9 लाख 47 हजार 938 रुपये और निरीक्षण शुल्क 1 लाख 15 हजार 222 रुपये का गबन पाया गया। इस तरह कुल 67 लाख 48 हजार 8 रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई।

आठ आरोपियों को कोर्ट से मिली जमानत-

इस मामले में एसीबी ने तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक सेवानिवृत्त सत्यप्रकाश पांडेय और दर्शन फेब्रिकेशन के संचालक संजय पटेल की कथित भूमिका सामने आने के बाद दोनों को 19 अगस्त को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को 24 अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। विवेचना के दौरान अन्य आठ आरोपियों के नाम भी सामने आए। इनमें अंबिका अलमीरा एंड स्टील फेब्रिकेटर्स के संचालक अजय कुमार अग्रवाल, सेलेनो स्टील की संचालिका ममता अग्रवाल, महामाया फेब्रिकेटर्स के संचालक बिधी सिंह कटलारिया, सूर्या स्टील एंड वुडन इंडस्ट्रीज के संचालक राजकुमार बंसल, श्री साई इंडस्ट्रीज के संचालक संदीप तिवारी, श्याम मेटल प्रोडक्ट्स के संचालक हितेश कुमार अग्रवाल, श्री श्याम इंडस्ट्रीज के संचालक रितेश कुमार अग्रवाल और पंकज फर्नीचर मार्ट के संचालक संजीव गुप्ता शामिल हैं। आरोप है कि एसपी पांडेय ने संबंधित आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर शासकीय राशि के गबन के लिए आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी की तथा नियमों का पालन किए बिना आपूर्ति से पहले भुगतान किया। एसपी पांडेय को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है, जबकि संजय पटेल जेल में है। सोमवार को शेष आठ आरोपियों को नोटिस देकर चालान पेश किया गया। इसके बाद सभी आठ आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिल गई।

2.70 करोड़ रुपए...

शिक्षा विभाग ने 20 अप्रैल 2013 को जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर सरगुजा द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति ने 3 से 12 जून 2013 तक जांच की और 19 जुलाई 2013 को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समिति ने पाया कि कलेक्टर ने भौतिक सत्यापन के बाद ही चेक जारी करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक एसपी पांडेय ने लेखापाल प्रवीण सिन्हा से चेक लेकर फर्नीचर की आपूर्ति से पहले ही 6 से 9 अप्रैल 2011 के बीच वितरित कर दिए। समिति के अनुसार, यह कार्रवाई पद का दुरुपयोग कर स्वयं और संबंधित फर्मों को लाभ पहुंचाने तथा शासकीय राशि के गबन की मंशा से की गई थी।

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

डॉ. वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट) असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com
Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है-हास्पिटल में कार्य करने हेतु अनुभवी वार्ड बॉय एवं वार्ड गर्ल की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक, अनुभवी, योग्य उम्मीदवार तत्काल सम्पर्क करें- मार्क अस्पताल, सरकंडा बिलासपुर 8962032474 (42084)

आवश्यकता है-गर्ल्स हॉस्टल में कार्य हेतु अनुभवी वॉर्डन, मेल एकाउंटेंट, अनुभवी बस ड्राइवर एवं सफाई कर्मचारी 3पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री गर्ल्स हॉस्टल पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 7987562430, 7000390346 (42083)

आवश्यकता है-श्रीसिद्धि विनायक इंफ्राबिल्ड में कार्य करने हेतु टेली, एक्सेल ऑटोकेड अनुभवी लड़के, लड़की की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीसिद्धि विनायक इंफ्राबिल्ड वेयर हाउस रोड बिलासपुर 9300022223 9827408926 (42085)

आवश्यकता है-कृषि दुकान में सेल्स कार्य हेतु 2 कर्मचारियों की आवश्यकता है बिलासपुर किसान परिवार के कम्प्यूटर जानकार, मोटर साइकल वाले को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक कृषि विजय शनिचरी बाजार बिलासपुर 9981145331 (42061)

आवश्यकता है-डिस्पैच इंचार्ज+ कम्प्यूटर ऑपरेटर (हाईल अनुभवी) 1पद की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क AR एसोसिएट्स (मीनाक्षी स्टील एजेंसियां) पुराने हाईकोर्ट के सामने बिलासपुर 7000157773 (42091)

आवश्यकता है-PVC False Celling के कार्य हेतु सेल्समैन, ऑफिस कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है। सम्पर्ककरें-बिलासपुर डीजल्स पुरुषोलम भवन सीएमडी कॉलेज के बगल में लिंक रोड बिलासपुर 98937 66090, 8827693814 (42082)

आवश्यकता है-मेन्स वियर रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेत



17 साल की माया ने तोड़ा सानिया का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

माया ने जीता अपना पहला पेशेवर खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की उभरती हुई युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पुर्तगाल में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला पेशेवर खिताब जीता।

क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में भाग लेने वाली माया ने खेले गए फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज़ को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत से यह 17 वर्षीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा के बाद पेशेवर एकल खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। माया ने यूक्रेन की येलीज़ावेटा कोट्लियार के साथ मिलकर युगल खिताब भी जीता। उन्होंने एकल में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट को पराजित करके अपने इरादे जतला दिए थे।

यह तो बस शुरुआत है : माया

माया ने टूर्नामेंट जीतने के बाद कहा, 'यह तो बस शुरुआत है। यह मेरा पहला खिताब है। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत के लिए अच्छा संकेत है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं अच्छी तरह से चुनौती पेश कर सकती हूं।'

आठ वर्ष की आयु से खेलना किया था शुरू

12 जून 2009 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मीं माया राजेश्वरन रेवती का टेनिस का सफर आठ साल की उम्र में शुरू हुआ था। उनके पिता ने उन्हें पहली बार इस खेल से परिचित कराया। उनका मकसद उनमें अनुशासन और फिटनेस की आदत डालना था। हालांकि जल्द ही माया की इस खेल में गहरी दिलचस्पी हो गई और 10 साल की उम्र तक उन्होंने टेनिस को गंभीरता से अपनाने का फैसला कर लिया। उन्होंने भारत में 'प्रो सर्व टेनिस अकादमी' में ट्रेनिंग ली और 2025 मुंबई ओपन में सबका ध्यान खींचने से पहले कई आईटीएफ जूनियर खिताब जीते। 15 साल की उम्र में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर खेलते हुए उन्होंने डब्ल्यूटीए 125 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर जाने-माने खिलाड़ियों को चौंका दिया।



वुहान ओपन नहीं खेलेंगीं झेंग और मीरा

बीजिंग। चाइना ओपन फाइनल खेलने के बाद झेंग किनवेन और मीरा आंद्रीवा वुहान ओपन से हट गई हैं। झेंग ने दाहिने कंधे की चोट का हवाला दिया है, जबकि आंद्रीवा ने शेड्यूल में बदलाव के कारण हटने का फैसला किया है। टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए झेंग ने कहा कि लगातार मैचों के बोझ के कारण वह शारीरिक रूप से थक गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, झेंग ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत अफसोस हो रहा है कि मैं इस साल के वुहान ओपन से हट रही हूं। वुहान वह जगह है जहां से मेरे टेनिस के सपने की शुरुआत हुई थी, और वुहान ओपन ही वह टूर्नामेंट है जिससे मैंने डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर अपनी पहचान बनाई थी।



आईसीसी ने लगाई पॉवेल और रदरफोर्ड को फटकार

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के क्रिकेटर रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड को शुक्रवार को भारत के खिलाफ रांची में खेले गए दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है।

दोनों खिलाड़ियों के खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जो पिछले 24 महीनों में दोनों का पहला उल्लंघन है। पॉवेल को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह प्रावधान क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित है। वेस्टइंडीज की पारी के छठे ओवर में मयंक यादव की गेंद पर आउट होने के बाद पॉवेल ने अपने बल्ले से गेंद को जोर से दूर मार दिया था। रदरफोर्ड पर आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन का आरोप लगा, जो अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है।

खाते में जुड़ा डिमेरिट अंक



कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के सामने नहीं टिकी द. अफ्रीका

डरबन। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला डरबन के मैदान पर जारी है। इस मैच के पहले दिन बैकफुट पर रहने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बाकी के दोनों दिनों में बढ़त बनाए रखी। साउथ अफ्रीका के सामने ऑस्ट्रेलिया ने पहले तो पहली पारी में 390 रन का मजबूत टोटल बनाया। इसके बाद साउथ अफ्रीकी बैटर्स को उनके घर की पिच पर कमिंस, स्टार्क और जोश हेजलवुड ने टिकने नहीं दिया, जिससे साउथ अफ्रीकी टीम 284 रन ही बना सकी और वह ऑस्ट्रेलिया से पीछे रही। इसके बाद तीसरे दिन के अंत तक ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट गंवाए 33 रन बना लिए थे और 139 रन की बढ़त हासिल कर ली है। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़ा स्कोर बनाकर साउथ अफ्रीका को हार की तरफ धकेलना चाहेगी।

162 पर साउथ अफ्रीका के गिरे 6 विकेट

डरबन के मैदान पर दूसरे दिन के अंत तक साउथ अफ्रीका ने एक विकेट पर 27 रन बना लिए थे। उसके लिए ऐडन मार्करम 15 रन, तो डेविड बेडिंगहम 112 रन बनाकर नाबाद रहे थे। इन दोनों ने तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाया और साउथ अफ्रीकी टीम 363 रन से पीछे थी। मार्करम और डेविड ने सधी शुरुआत की, लेकिन ज्यादा देर तक वे कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के कहर को झेल नहीं सके।



रणजी ट्रॉफी : ऑलराउंडर रवींद्र ने ठोका 16वां फर्स्ट क्लास शतक

जडेजा की छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की धमाकेदार पारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में शतक बनाया। सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा का यह 16वां फर्स्ट क्लास शतक रहा। 209 गेंद का सामना किया और 7 चौके लगाए। वे सौराष्ट्र के आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। इससे उनकी टीम ने पहली पारी में 392 रन का स्कोर बनाया।

जडेजा पांचवें नंबर पर बैटिंग को उतरे थे। उनके व प्रेरक मांकड़ (129) के बीच पांचवें विकेट के लिए 205 रन की पार्टनरशिप हुई। मगर इस साझेदारी के टूटने के साथ ही सौराष्ट्र की पारी ढह गई। उसने आखिरी पांच विकेट 36 रन में गंवा दिए। यह तो एक छोर पर जडेजा थे, जिससे टीम 392 तक पहुंचने में सफल रही नहीं तो 380 से पहले ही पारी सिमट जाती।

पहली पारी में सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन



रवींद्र का 8 साल बाद सौराष्ट्र के लिए शतक

जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक बनाया। उनके छह शतक भारत और एक वेस्ट जोन के लिए आया है। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए बनाए 9 में से 3 शतकों को ट्रिपल सेंचुरी तक पहुंचाया है। जडेजा ने इससे पहले 2018-19 में आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में शतक बनाया था। तब उन्होंने नाबाद 178 रन की पारी खेली थी। 2018-19 से लेकर 2026-27 के सीजन के बीच जडेजा ने बहुत कम मैच सौराष्ट्र के लिए खेले थे। पिछले सीजन दो मैचों उतरे थे। दरअसल भारतीय टीम के तीनों फॉर्मेट का हिस्सा होने की वजह से वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

साई फेल, सुंदर ने झटके 2 विकेट

रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में सोमवार को साई सुदर्शन का बल्ला नहीं चला। वह तमिलनाडु के लिए ओपनिंग करने उतरे और 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चेतन शर्मा ने उन्हें बोल्ड किया। इससे पहले उन्हें फील्डिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी। साई लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे। हालांकि, उनकी चोट गंभीर नहीं थी और वह ओपनिंग करने उतरे। तमिलनाडु ने राजस्थान को पहली पारी में 363 रन पर आउट कर दिया। भारतीय टेस्ट टीम के एक अन्य खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट झटके। उन्होंने 23 ओवर में 58 रन देकर 2 विकेट लिए। वाशिंगटन ने कार्तिक शर्मा और चेतन शर्मा को आउट किया।

रिंकू सिंह-माधव कौशिक के शतक



रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए के पहले मैच में यूपी ने बिहार के खिलाफ बेहतरीन आगाज किया है। उत्तरप्रदेश की टीम ने बिहार के खिलाफ मैच की पहली पारी में 540 रन बनाए। ओपनर माधव कौशिक ने 150 रन की पारी खेली। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 112 रन की बेहतरीन पारी खेली। मुकाबले के पहले दिन यूपी की टीम ने 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। दूसरे दिन टीम के लिए आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने अच्छी पारियां खेलीं।

मुंबई इंडियन्स में शामिल हुईं अमेरिकी तेज गेंदबाज नॉरिस

नई दिल्ली। अमेरिका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस अगले साल होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलेंगी। उन्हें यूपी वारियर्स के साथ सफल 'ट्रेड' सौदे के बाद मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। नॉरिस को वारियर्स ने 2026 सत्र से पहले 10 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि यह 28 वर्षीय तेज गेंदबाज इसी राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'नॉरिस 10 लाख रुपए की मौजूदा राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी।'



मुंबई के तुषार देशपांडे ने हैट्रिक के बाद खोला पंजा

रणजी ट्रॉफी पहले राउंड में दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। एलीट ग्रुप डी के मुकाबले में मुंबई का सामना चंडीगढ़ की टीम से हो रहा है। पहली पारी में मुंबई ने 429 रन बनाए थे। जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में 78 रन पर ही ढेर हो गई और फॉलोऑन भी नहीं बचा सकी। मुंबई के लिए गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने पहले हैट्रिक ली और फिर पंजा खोला। तुषार देशपांडे ने 7 ओवर गेंदबाजी की और एक मेडन ओवर के साथ 17 रन देकर 5 विकेट झटके। इसमें उनकी हैट्रिक भी शामिल थी। तुषार ने चंडीगढ़ की पारी के 11वें ओवर में अर्जुन आजाद, शिवम भांबरी और दीपेंदर कुश को लगातार एक के बाद पवेलियन भेजा और हैट्रिक पूरी की। उनके अलावा मोहित अवस्थी ने 3 और सिल्वेस्टर डिसूजा ने 2 विकेट लिए।

पहले ही मिनट में गोल, फिर भी जीत से चूका वैलेंसिया

सैंटेंडर। वैलेंसिया सीएफ ने ला लीगा के मैचडे 8 में रियल रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले में वैलेंसिया के लिए दानी राबा और डेविड ओटोरबी ने गोल किए। वैलेंसिया ने मैच की शानदार शुरुआत की और मुकाबला शुरू होने के एक मिनट के भीतर ही बढ़त हासिल कर ली। जेवियर एगुइरे की टीम के लिए दानी राबा ने हाल ही में प्रमोट हुई रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ शुरुआती गोल दागा।

हालांकि, मेजबान टीम ने 32वें मिनट में वापसी की। इनिगो विसेंट ने शानदार मूव बनाते हुए यासिर जबिरी को गोल करने का मौका दिया, जिसे उन्होंने भुनाकर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, वैलेंसिया के युवा सब्स्टीट्यूट डेविड ओटोरबी ने 65वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 2-2 से ड्रॉ दिलाया।

रियल सोसिदाद ने कोरुना की वापसी को किया नाकाम

रियल सोसिदाद ने दूसरे हाफ में डेपोर्टिवो ला कोरुना की जबरदस्त वापसी की कोशिश को नाकाम करते हुए अपने घरेलू मैदान पर 3-2 से जीत हासिल की, जबकि मैच के आखिर में उनके पास दस खिलाड़ी ही बचे थे। टीम को शुरुआती बढ़त जॉन मार्टिन ने दिलाई, जिन्होंने कार्लोस सोलर के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर गोल किया। इसके बाद आर्सेन जखार्यान ने 34वें मिनट में गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। सोसिदाद ने अपनी बढ़त और मजबूत कर ली जब गोंकालो गुएडेस ने हाफवे लाइन से शानदार दौड़ लगाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन गोल दागा और स्कोर 3-0 कर दिया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 3213/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 12/10/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
01	198256	बालसमुन्द तालाब उन्नयन एवं विकास कार्य ।(3rd Call)	2026.92	23.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय, नगर पंचायत धरमजयगढ़ जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

क्र. 859 / लो.नि.वि/न.पं./2026-27 धरमजयगढ़ दिनांक 12/10/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पंचायत, धरमजयगढ़, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	201412 (2nd call)	Construction of Sports Complex (At Ward No. 09 Deepnagar)	RS. 234.00 (SOR 231.20 + NON SOR 2.80)	27.10.2026
2	201420 (2nd call)	NEHRU GARDEN EXTENSION AND RENOVATION (AT WARD NO. 10 NARAITIKRA)	RS. 195.74 (SOR 183.45 + NON SOR 12.29)	27.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & www.cguad.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत धरमजयगढ़
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/26/43, तिथिः 29.09.2026

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय	मात्रा
1.	04262410	हाई कैपेसिटी इंटर- बहीकुलर (IV) कपलर युनिट, 500ए, 750व्ही. 3- फेज, 5-वायर, 50एचजेड, सुईटेबल फॉर ईओजी टाईप एलएचबी एसी कोचेस/पावर कार/ लोकोमोटिव्स.	16.10.2026 At 10:30 hrs	26 सेट
2.	06265150	सप्लाई, इंस्टॉलेशन एण्ड कमिसनिंग ऑफ ईओटी 65 टन क्रेन एज पर स्पेसिफिकेशन नं. स्टोर्स/आईआर/ईओटीसी/2021, रिवि-2.	22.10.2026 At 10:30 hrs	02 नग
3.	08261078A	रेड डाए पेनेट्रेन्ट किट.	22.10.2026 At 10:30 hrs	20741 सेट
4.	04262522	सेट ऑफ इमरजेंसी लाईटिंग सिस्टम.	22.10.2026 At 10:30 hrs	866 सेट
5.	06265164	मेनुफेक्चर एण्ड सप्लाई ऑफ फिटिंग फॉर थिक वेब स्विच 1 इन 12 टर्नआउट बीजी (1673एमएम) फॉर 60 केजी ऑन पीएससी स्लीपर्स.	22.10.2026 At 10:30 hrs	297 सेट
6.	06260104	1 इन 16 वेल्डेबल कॉस्ट मैंगेनीज स्टील कॉसिंग (बी.जी., 60 ई। रेल) विथ आर350 एचटी ग्रेड रेल टू ड्रॉईंग नं. आरडीएसओ/टी- 10072.	30.10.2026 At 10:30 hrs	36 सेट
7.	03262320C	लॉक फॉर सीवीसी फॉर बॉक्सएनएचएल वैगन टू आरडीएसओ ड्रॉईंग.	26.10.2026 At 10:30 hrs	12587 नग
8.	06260086	1 इन 12 वेल्डेबल कॉस्ट मैंगेनीज स्टील क्रॉसिंग (बी.जी., 60 ई।1 रेल) विथ आर350 एचटी ग्रेड रेल टू ड्रॉईंग नं. आरडीएसओ/ टी- 9792.	03.11.2026 At 10:30 hrs	1065 सेट
9.	06260085	1 इन 8.5 वेल्डेबल कॉस्ट मैंगेनीज इंटील क्रॉसिंग (बी.जी., 60 ई। रेल) विथ आर350 एचटी ग्रेड रेल टू ड्रॉईंग नं. आरडीएसओ/टी- 9843.	27.10.2026 At 10:30 hrs	278 सेट
10.	06261121	थिक वेब कुर्वेद स्विच फॉर 1 इन 8.5 टर्नआउट (बी. जी.) फॉर 60ई 1 रेल टू ड्रॉईंग नं. आरडीएसओ/ टी-9842.	22.10.2026 At 10:30 hrs	281 सेट
11.	06260105	थिक वेब कुर्वेद स्विच फॉर 1 इन 16 टर्नआउट (बी. जी.) फॉर 60ई 1 रेल टू ड्रॉईंग नं. आरडीएसओ/ टी-10071.	04.11.2026 At 10:30 hrs	39 सेट
12.	05265088	अंडरग्राउंड जेली फिल्ड क्वाड केबल फॉर सिगनलिंग एण्ड टेलेकॉम इंस्टॉलेसन, साईजः 6 क्वाड x 0.9 एमएम डाया, आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आईआरएस टीसी-30/2005 (वर्सन. 1) एमेंडमेंट न.1 टू 5 ऑर लेटेस्ट एमेंडमेंट.	09.10.2026 At 10:30 hrs	3438 किलो मीटर
13.	05265015	अंडरग्राउंड रेल्वे सिगनलिंग केवल अनस्क्रिण्ड, पीव्हीसी इंसुलेटेड, पीव्हीसी इनर शिथेड, अरमाउर्ड एण्ड पीव्हीसी आउटर जैकेट विथ हाई कंडिक्टिविटी एनील्ड कॉपर कंडक्टर साईज 6 कॉर x 1.5 एसक्यू. एमएम कनफर्मिंग टू स्पेसिफिकेशन नं. आईआरएस-एस- 63/2014, (रिवि.4.0) विथ लेटेस्ट एमेंडमेंट.	27.10.2026 At 10:30 hrs	590 किलो मीटर

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई-खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-III
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/436

फार्म नम्बर 4

न्यायालय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़

द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, भारत संचार निगम लिमिटेड बिल्डिंग, प्रधान डाकघर के पास, सिविल लाइंस, जबलपुर म.प्र. 482001

(ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम 1993 (प्रक्रिया) की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत नियम 5 के उपनियम 2ए के साथ पढा जाए)

मूल आवेदन संख्या 1970/2025

स्टेट बैंक आफ इंडिया ....आवेदक

विरुद्ध

अमन गोस्वामी ....अनावेदक

अमन गोस्वामी आत्मज श्री नारद गोस्वामी निवासी- म.नं. 514, वार्ड नं. 58, चुनचुनीपारा गैरवा बस्ती नगर निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

जबकि ओ.ए. संख्या 1970/2025 को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष दिनांक 29/01/2026 को सूचीबद्ध किया गया था।

जबकि माननीय न्यायाधिकरण को उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत समन / सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। यह ओ.ए. आपके विरुद्ध मात्र **1,89,49,296.00** रूपये की ऋण वसूली के लिये दायर किया गया है।

अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के अनुसार, आप अनावेदकों को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैं कि:

1. समन की तामील होने के 30 दिनों के भीतर कारण बताएं कि मांगी गई राहत क्यों नहीं दी जानी चाहिए। **2.** मूल आवेदन के क्रमांक 3ए निर्दिस्ट संपत्तियों और परिसंपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करें। **3.** संपत्तियों की कुर्की के आवेदन की सुनवाई और निपटारे तक, आपको मूल आवेदन के क्रमांक 3ए में प्रकट की गई सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेनदेन करने या उनका निपटान करने से प्रतिबंधित किया जाता है। **4.** आप अधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के अलावा बिक्री पड़े या किसी अन्य माध्यम से उन परिसंपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे जिन पर सुरक्षा हित सृजित है और/या मूल आवेदन के क्रमांक 3ए में निर्दिस्ट या प्रकट की गई अन्य परिसंपत्तियों और संपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे। **5.** आप सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत् सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त विक्रय राशि का हिसाब देने के लिये उत्तरदायी होंगे और ऐसी विक्रय राशि को उन परिसंपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक में रखे गये खाते में जमा करेंगे। आप आवेदक को दी गई आवेदन की प्रति सहित लिखित बयान दाखिल करने और **13/01/2027 को सुबह 10:30 बजे** जबलपुर स्थित माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है, अन्यथा आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जायेगा। इस न्यायाधिकरण के हस्ताक्षर और मुहर के तहत **दिनांक 25/08/2026** को जारी किया गया।

रजिस्ट्रार
मुहर ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर, म.प्र.



सरकार का यू-टर्न, अब शामिलात खाते में सिर्फ लंबरदार का एग्रीस्टैक पंजीयन

छत्तीसगढ़ में एगीस्टैक पोर्टल में शामिलात खातों के पंजीयन से छूट, किसानों को बड़ी राहत

अब संयुक्त खाते में धान बेचने के लिए सभी सह-खातेदारों का अलग-अलग पंजीयन जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को राज्य सरकार ने बड़ी राहत दी है। पूर्व में जारी आदेश को वापस लेते हुए शामिलात यानी संयुक्त खातों में दर्ज सभी सह-खातेदारों के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल पर अलग-अलग पंजीयन कराने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है।

नई व्यवस्था के अनुसार, ऐसे खातों में धान विक्रय के लिए केवल लंबरदार का एग्रीस्टैक पंजीयन पर्याप्त होगा। सरकार के इस फैसले से विशेष रूप से ऐसे किसान परिवारों को सुविधा मिलेगी, जिनकी जमीन बंटवारे के अभाव में अभी भी संयुक्त खाते में दर्ज है। पंजीयन की अनिवार्यता के कारण संयुक्त खातेदार किसानों को आ रही परेशानियों और शिकायतों के बाद यह निर्णय लिया गया है। पहले संयुक्त खाते में दर्ज सभी सह-खातेदारों का अलग-अलग पंजीयन कराने की व्यवस्था लागू की गई थी। इससे कई किसानों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था और उन्हें पंजीयन के लिए सहकारी समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे थे।

सभी जिलों से उठी थी अनिवार्यता खत्म करने की मांग

पंजीयन में आ रही परेशानियों को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से किसानों ने शिकायतें की थीं। किसान संगठनों ने भी सरकार से शामिलात खाते के सभी सदस्यों के पंजीयन की अनिवार्यता खत्म करने की मांग उठाई थी। विरोध बढ़ने के बाद आखिरकार शासन को अपने पूर्व आदेश में बदलाव करना पड़ा। इसके बाद राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर नियम में राहत दी।

इन कारणों से वापस लिया आदेश

फैसले के पीछे के कारणों को लेकर बताया गया है कि संयुक्त खातों में एक ही जमीन पर परिवार के कई सदस्यों के नाम दर्ज होने से सभी का अलग-अलग पंजीयन कराना मुश्किल हो रहा था। कई परिवारों में जमीन का वास्तविक बंटवारा हो चुका होता है, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में नाम संयुक्त रहते हैं। तकनीकी और दस्तावेजी अड़चनें, इसमें आधार, भूमि रिकॉर्ड और पोर्टल पर दर्ज जानकारी में अंतर होने पर पंजीयन में परेशानी आ रही थी। पंजीयन संबंधी समस्याओं के कारण किसानों को समय पर पंजीयन कराने और उपज बेचने में कठिनाई हो सकती है। वास्तविक खेती करने वाले किसान को राहत देते हुए संयुक्त खाते के लंबरदार के माध्यम से पंजीयन की सुविधा मिलने पर प्रक्रिया सरल हो सकती है।

पंजीयन के लिए सोसाइटियों के चक्कर

सरकार के इस फैसले से उन हजारों किसानों और उनके परिवारों को राहत मिली है, जो पिछले करीब साढ़े तीन महीने से पंजीयन की प्रक्रिया को लेकर परेशान थे। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर के बाद शुरू होने की उम्मीद है। इससे पहले संयुक्त खातेदारों के सभी सदस्यों का पंजीयन अनिवार्य किए जाने के बाद किसानों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी।

छत्तीसगढ़ में पहली बार-आधुनिक डिजिटल एजुकेशन स्टूडियो प्रारंभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक हजार से अधिक सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय संचालित करने वाली संस्था सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा सोमवार को आधुनिक डिजिटल एजुकेशन स्टूडियो का भव्य शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने डिजिटल माध्यम के उपयोग करने की दृष्टि से इस नए डिजिटल लैब की शुरुआत की गई। इस एजुकेशन डिजिटल स्टूडियो का कंट्रोल रूम रायपुर के सरस्वती शिक्षा संस्थान के मुख्यालय रोहिणीपुरम में है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों से लेकर सुदूर वनवासी क्षेत्रों में स्थित 150 से अधिक सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय इस कंट्रोल रूम से डायरेक्ट जुड़े हैं।

पीएम स्वनिधि योजना : रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर जशपुर और मुंगेली में बनेंगे 314 स्ट्रीट फूड हब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत राज्य के पांच शहरों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, जशपुर, मुंगेली में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) के तहत 314 फूड स्ट्रीट हब बनाए जाने हैं। प्रदेश सरकार ने इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। साथ ही स्ट्रीट वेंडरों को उनके कारोबार के लिए लोन देने की प्रक्रिया भी तेज करने के निर्देश दिए गए हैं, हालांकि बैंकों के पास हजारों आवेदन लंबित हैं और 20185 आवेदन बैंकों द्वारा वापस भी कर दिए गए हैं।

क्या है पीएम स्वनिधि योजना–पीएम स्वनिधि केंद्र सरकार की योजना है, जिसे सड़क किनारे ठेला लगाने वाले, रेहड़ी-पटरी पर सामान बेचने वाले और अन्य स्ट्रीट वेंडरों को अपना कारोबार चलाने तथा बढ़ाने के लिए आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

किस शहर में कहां और कितने फूड हब

पीएम स्वनिधि योजना की पिछले महीने हुई राज्य स्तरीय निगरानी समिति की पहली बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुसार, रायपुर में महादेवघाट विसर्जन कुंड के समीप 1.97 करोड़ रुपए की लागत से 50 वेंडिंग यूनिट बनाने का प्रस्ताव है। बिलासपुर में अशोक नगर तथा इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप 4 करोड़ की लागत से 100 यूनिट, जगदलपुर में दलपत सागर के समीप 1.99 करोड़ की लागत से 50 यूनिट बनाने की योजना है। जशपुर में देशबांधु भोज चौपाटी, शासकीय बालक हाईस्कूल के समीप 4 करोड़ की लागत से 50 यूनिट तथा लोरमी में कनाल रोड (मंगलम) क्षेत्र में 3.87 करोड़ की लागत से 64 यूनिट बनाने का प्रस्ताव है। इन प्रस्तावों को केंद्र सरकार के समक्ष भेजने की प्रक्रिया के निर्देश दिए गए हैं।

स्मृति-हरमनप्रीत के साथ टीम ने मैदान पर बहाया पसीना, लगाए चौके-छक्के, समझा पिच का मिजाज

रायपुर। शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलने रायपुर पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को अभ्यास के दौरान जमकर पसीना बहाया। टीम के सभी खिलाड़ियों ने मैदान का जायजा लिया और पिच का मिजाज समझने का प्रयास किया। अभ्यास सत्र में कप्तान स्मृति मंधाना और पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए मैदान पर चौके-छक्के लगाए। अभ्यास के दौरान ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा गेंदबाजी करती नजर आईं, वहीं निकी प्रसाद, अनुष्का शर्मा, जी. कमालिनी, प्रेमा रावत और श्री चरणी ने भी मैदान पर पसीना बहाया। रायपुर की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार रही है। ऐसे में कप्तान और खिलाड़ियों ने सबसे पहले पिच पर गेंद की उछाल, गति तथा नई एवं आउटस्विंग गेंदों के व्यवहार को समझने पर ध्यान दिया।





कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com